''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 284 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 29 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

यमुना की गोद में समाहित ओमप्रकाश चौटाला

फरीदाबाद पहुंची अस्थियां, जिला इनेलो कार्यालय पर श्रद्धांजलि के बाद अस्थियां यमुना में प्रवाहित

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। शनिवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला की अस्थियों कलश को लेकर उनके पोते एवं इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला, विधायक आदित्य चौटाला, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा व युवा इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरजीत सन्धू सैक्टर-11 स्थित जिल इनेलो कार्यालय फरीदाबाद पहुंचे। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें इनेलो फरीदाबाद जिले के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व श्री चौटाला के समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का परिवार पूरा हरियाणा रहा है। यही कारण है कि जो लोग तेजा खेड़ा जाने में असमर्थ थे। उनके लिए हर जिले में चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की अस्थियों को ले जाया जा रहा है, ताकि सभी लोग अपने जनप्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। जिस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने कभी भी अपने उसूलों के साथ समझौता नहीं किया और राजनीति के दौर में अनेक उतार-चढ़ाव को उन्होंने पार किया। वह सदैव ताऊ देवीलाल की नीति पर चलकर हरियाणा का सम्पूर्ण विकास किया था।

श्री चौटाला ने कहा कि हरियाणा पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का परिवार था, इसलिए सभी जिलों में अस्थियां प्रवाहित करने के लिए अलग-अलग जिलों में उनके पुराने साथियों को जिम्मेदारी दी गई है।

इस मौके पर विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ भी कार्य कर चुके हैं, उनको भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी बहुत अच्छे व्यक्तवि थे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी अच्छे अर्थशास्त्री थे। ओम प्रकाश चौटाला और मनमोहन सिंह राज्यसभा में एक साथ रहे थे और आपस में काफी अच्छे संबंध थे।

शोक सभा में विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला ने हमेशा जननायक चौ. देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया। अब उनका प्रयास रहेगा कि चौटाला साहब द्वारा दिखाए मार्ग पर चलकर उनके अधूरे कामों को पूरा करें। विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला आज भले ही हमारे बीच नहीं है, लेकिन कार्यकर्ताओं के दिल में वो हमेशा जिंदा रहेंगे। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसान और कमेरे वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। वे लोगों के सुख.दुख में हमेशा शामिल रहे। उनके जाने से आज किसान और कमेरे वर्ग की आवाज शांत हो गई है।

श्रद्धांजलि सभा में इनेलो जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुनील तेवतिया, महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, डा. प्रताप सिंह, रूपचंद लाम्बा, युवा अध्यक्ष अजय चौधरी, बच्चूसिंह, पौरस डागर, सुरेश वर्मा, सुरेश मोर, जीतेन्द्र नरवत, रामसरन रौतेला, उमेश भाटी, दीपक नागर, राजीव शर्मा, संजय पांचाल, राजबाला शर्मा, विष्णु सूद, बोधराज रावत, नाहर सिंह, देवी लाम्बा, उपकार सिंह, नरेन्द्र पाल बघेल, राजविन्दर कौर सहित सैकड़ों लोगों ने अपने प्रिय नेता चौ. ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अस्थि कलश को लेकर गांव मोहना के लिए प्रस्थान किया गय। जहां सभी गांवों के लोगों ने फूल बरसाएं और प्रिय नेता को याद किया। तत्पश्चात गांव मोहना पहुंचने पर उनकी अस्थियों को यमुना नदी के पावन जल में अस्थियों को विसर्जित कर दिया गया।

सामाजिक संस्थाएं जरूरतमंदों की मदद करें: धनेश अदलक्खा

शिवमती धमार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने सूखा राशन व गर्म शॉल वितरित की

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। एन.एच.पांच नम्बर जे ब्लॉक में शिवमती धमार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में आज जरूरतमंदों को सूखा राशन व गर्म शॉल वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बडख़ल क्षेत्र के विधायक धनेश अदलक्खा व विशिष्ठ अतिथि के रूप में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अनिल शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष डाक्टर विंध्या गुप्ता व अशोक गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक धनेश अदलक्खा ने जरूरतमंदों को सूखा राशन वितरित करते हुए कहा कि सभी समाजसेवी संस्थाओं को आगे आकर जरूरतमंदों व गरीबों की सेवा करना चाहिए। शिक्षा से जुड़ी संस्थाएं स्कूलों के छात्रों को गोद लेकर उन्हें उच्च शिक्षा प्रदान करवाए तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी संस्थाएं लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए स्वास्थय जांच शिविर लगवाए। इसी तरह रक्तदान शिविर लगाने के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था शिविर लगाए ताकि लोगों को जरूरत के समय में रक्त उपलब्ध हो सकें।

इस मौके पर शिवमती धमार्थ ट्रस्ट की प्रैसीडेंट डा. विंध्या गुप्ता ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष अपनी प्रिय सास शिवमती की पुण्य तिथि पर जरूरतमंदों को कम्बल वितरण, राशन वितरण करती आ रही है। इसी कड़ी में 60 लोगों को यह राशन वितरित किया गया है। इस मौके पर उद्योगपति सुनील सिवाच, अनिल गुप्ता, इन्द्र कुमार, प्रियंका शर्मा, मनीषा, सोनम, मोनिका, दर्शना ने अपना सहयोग दिया।

हरियाणा कैबिनेट ने प्रमुख फैसलों में शहीदों की अनुग्रह राशि में संशोधन, पेंशन में बढ़ोतरी और अन्य विकास नीतियों को मंजूरी दी

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा कैबिनेट की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज हुई बैठक नागरिकों के कल्याण में सुधार, राज्य के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने और प्रदेश के आर्थिक व औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी प्रदान की गई। बाद में पत्रकारों को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि आज की बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय ये हैं।

शहीदों के परिवारों के लिए संशोधित अनुग्रह राशि: कैबिनेट ने केंद्रीय सशस्त्र बल कर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों के युद्ध में मृत्यु हो जाने पर शहीदों के परिवारों को दी जाने वाली राशि 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ करने का मंजूरी दी गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने अपने 2024-25 के बजट भाषण में यह घोषणा की थी, जिसे आज पूरा कर दिया है।

मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए बढ़ी हुई पेंशन: कैबिनेट ने हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए मासिक पेंशन को 15,000 से रुपये से बढ़ाकर

20,000 रुपये मासिक करने का स्वीकृति प्रदान की गई।

शहीद सब-इंस्पेक्टर के परिवार के लिए भूमि आवंटन: शहीद सब-इंस्पेक्टर जय भगवान की पत्नी कमलेश शर्मा को 200 वर्ग गज का प्लॉट आवंटित करने का निर्णय लिया गया। जय भगवान 1995 में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शहीद हो गए थे। उनके सर्वोच्च बलिदान को मान्यता देते हुए यह निर्णय लिया गया। यह भूखंड उनके परिवार के लिए बहुत आवश्यक आवासीय आवास प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना (एमएमपीएसवाई) एसओपी: कैबिनेट ने 2024-25 से एमएमपीएसवाई के कार्यान्वयन के लिए स्थायी संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दे दी गई। इस योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के लिए प्रीमियम की प्रतिपूर्ति के बजाय प्रति वर्ष 1,000 रुपये प्रति पात्र परिवार को दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) में स्थानांतरित किया जाएगा। ऐसे पात्र परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये तक होनी चाहिए।

फरीदाबाद निगम में भी खिलेगा 'कमल' : उमेश भाटी

भाजपा के सक्रिय सदस्य बने ठाकुर उमेश भाटी

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सामजसेवी ठाकुर उमेश भाटी ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता का फॉर्म भरा और भाजपा के सक्रिय सदस्य बने । यह प्रक्रिया फरीदाबाद कार्यालय अटल कमल पर शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के उगवाई में शनिवार को पूरी हुई। इस अवसर पर टिपर चंद शर्मा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, मास्टर लाखन सिंह, आदि मौजूद थे। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि भाजपा के संगठन पर्व को कार्यकर्ता उत्सव की तरह मना रहे हैं। भाजपा की साधारण सदस्यता के साथ सक्रिय सदस्यता बनाने का अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ मंडल एवं बूथ के कार्यकर्त्ता भी सक्रिय सदस्य बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के चुनाव की तैयारियों में कार्यकर्त्ता पूरी तरह से लगे हुए हैं और संगठन के चुनाव के लिये कार्यकर्त्ता उत्साहित हैं। सक्रिय सदस्य बनने के बाद उमेश भाटी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार और नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने लगातार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त करने का काम किया है। बिना पर्ची, बिना खर्ची युवाओं को नौकरी मिल रही है। भाजपा ने सुशासन और पारदर्शिता के साथ सरकार चलाई जिसका परिणाम रहा कि केंद्र के साथ प्रदेश में भी तीन बार लगातार जनता ने भाजपा को चुना है और फरीदाबाद में आगामी नगर निगम चुनाव में भी फरीदाबाद में भी जनता के आशीर्वाद से कमल खिलेगा। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली द्वारा शुरू किये गये सक्रिय सदस्यता अभियान में भाग लेकर सभी कार्यकर्त्ता भाजपा के सक्रिय सदस्य बन रहे है और संगठन पर्व में भाग लेकर पार्टी को और अधिक मजबूत कर रहे है।

सतयुग दर्शन संस्थान ध्यान कक्ष अध्यात्म की अमूल्य धरोहर है

सराय के विद्यार्थियों का सतयुग दर्शन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का अवलोकन

समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह

फरीदाबाद। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद के वसुंधरा परिसर में ध्यान कक्ष अर्थात समभाव समदृष्टि के स्कूल का अवलोकन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि ध्यान कक्ष का भूतल समभाव समदृष्टि का स्कूल है और सजन भाव के अध्ययन का केंद्र है एवम परस्पर आत्मीयता युक्त व्यवहार सीखने का पर्याय है। इस का प्रथम तल निर्गुण तल है और भूमि तल सर्गुण तल है।

कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय प्रबंधन, सतयुग दर्शन ट्रस्ट एवम जूनियर रेड क्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सौजन्य से किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि उन्होंने कहा कि विद्यालय की बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सतयुग दर्शन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भूपानी के उच्च शिक्षण संस्थान में उच्च शिक्षा के अंतर्गत कॉलेज में चल रहे कोर्सेज तथा अन्य डिप्लोमा व कोर्सेज जैसे बी टेक, बी बी ए, बी सी के, एल एल बी, बी फार्मा, अन्य अकेडमिक कोर्सेज व डिप्लोमा सहित दूसरे ऑप्शन्स की भी जानकारी ली। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि यह ज्ञान विद्यार्थियों की काउंसलिंग के लिए बहुत लाभदायक रहा है इस से उन्हें बारहवीं उपरांत करियर चयन में सरलता होगी तथा इस अनुभव से सभी लाभान्वित होंगे। प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय के प्राध्यापकों प्रवीण कुमार, सुषमा, मीनाक्षी ने सतयुग दर्शन उच्च शिक्षण संस्थान के फैकल्टी मेंबर्स और स्टाफ सदस्यों के सहयोग से सतयुगदर्शन ट्रस्ट के लेबोरेटरीज, ऑडिटोरियम, प्रवेश पर सात द्वार, ध्यान योग कक्ष, निर्गुण और सर्गुण कक्ष, प्रचंड ज्योति सहित संपूर्ण परिसर का भ्रमण किया। ट्रस्ट प्रबंधकों और फैकल्टी सदस्यों ने कहा कि इस स्कूल को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य मानव को सत कर्म, आत्मीयता अनुरूप सतयुगी भाव स्वभाव और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करना है ताकि व्यक्ति आतमिक शांति प्राप्त करने में सक्षम हो और परोपकार एवम पुरुषार्थ द्वारा अक्षय यश कीर्ति को प्राप्त करे। जीवन के विचारयुक्त मार्ग पर प्रशस्त रहते हुए मानव अपना घर सतयुग बनाने के साथ साथ कुल मानव जाति को एकता के सूत्र में बांध सकता है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने और पुष्पा ने सतयुग दर्शन प्रबंधन समिति, सतयुगदर्शन फैकल्टी तथा बिंदु मैडम का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

नशे के खिलाफ अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक कर रहे अशोक वर्मा

नशे का हो संहार: हरियाणा नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो दे रहा सुविचार

चिट्टा है काली नागिनी इसके दंश से बचो- डॉ अशोक कुमार वर्मा

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखड़ी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के अलग अलग शहरों में जाकर यह कार्य कर रहे हैं। इस कड़ी में आज वे फरीदाबाद से बल्लबगढ़ होते हुए दुर्गा कॉलोनी सरूरपुर पहुंचे और बीएमडी कान्वेंट स्कूल में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 118 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान के प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें विद्यालय की मुख्याध्यापिका शैली शर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों और 12 शिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने आरम्भ से लेकर अंत तक नशे की कहानी बताते हुए कहा कि नशा मनुष्य के जीवन में शौंक बनकर आता है और उसे यह ज्ञात नहीं रहता कि कब यह शौंक उसके जीवन के लिए शोक बन जाता है। कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि वह नशेड़ी कहलाए लेकिन बार बार नशे का सेवन करने से यह उसके व्यवहार का अंग बन जाता है और वह चाहकर भी नहीं छोड़ पाता। उसे पता नहीं लगता कि कब वह नशेड़ी बन गया।

उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के बारे में बताते हुए कहा कि इस अधिनियम के अनुसार प्रतिबंधित नशे रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, खेती करना, निर्माण करना और ऐसे कार्यों में सहायता करना दंडनीय अपराध हैं। उन्होंने बताया कि यदि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सरकार इसके लिए लाइसेंस देकर बिक्री के लिए खुला कर देती लेकिन नहीं किया क्योंकि ये नशे मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक भयंकर हैं। उन्होंने ब्यूरो द्वारा बनाए गए गाने म्हारा हरियाणा नशा तै बचा कै राखियों न यो चिट्टा खा जागा, यह है काली नागिनी यूट्यूब पर दिखाया। लगभग 2 घण्टे चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संवाद से जोड़कर रखा और उनकी रूचि को बनाकर उनके ज्ञान का वर्धन किया गया। डॉ वर्मा ने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त रूप से नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की सुचना देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशा छोड़ने के लिए प्रत्येक ज़िले के नागरिक अस्पताल में निशुल्क उपचार है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। विद्यालय के शिक्षकों ने डॉ वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।
नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
samachargate@gmail.com

प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

सीएम शिकायत पोर्टल	181
विद्युत सेवा	1912
पशु सेवा	1962
पुलिस सेवा	112, 100
अग्नि सेवा	101
एमबुलैस सेवा	102
यातायात पुलिस	103
आपदा प्रबंधन	108
चाइल्ड लाइन	1098
रेलवे पूछताछ	139
भ्रष्टाचार विरोधी	1031
रेल दुर्घटना	1072
सड़क दुर्घटना	1073
सी एम सहायता लाइन	1076
क्राइम सटायर	1090
महिला सहायता लाइन	1091
पृथ्वी भूकम्प	1092
बाल शोषण सहायता	1098
किसान काल सेन्टर	1551
नागरिक काल सेन्टर	155300
ब्लड बैंक	9480044444

जानकारी

प्याज के छिलकों के फायदे

प्याज के छिलके में एंटीऑक्सिडेंट, फ्लेवोनोइड और एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक होते हैं जो अलग-अलग स्वास्थ्य समस्याओं से निपटनें में मदद करते हैं।प्याज का इस्तेमाल हर घर में दाल या सब्जी बनाने और औषधि के रूप में किया जाता है। खाने की हर रेसिपी में प्याज मुख्य घटक के रूप में होता है। सैंडविच, सलाद या किसी भी डिश में प्याज काफी मात्रा में इस्तेमाल किया जाता है। जब आप खाना पकाते हैं, तो आप अक्सर प्याज के छिलके फेंक देते हैं। हालांकि, जब आपको प्याज के छिलकों के फायदे पता चलेंगे तब आप निश्चित रूप से इसे फेंकने के बजाए संभाल के रखेंगे। प्याज की सबसे ऊपर की परत या छिलके में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट, फ्लेवोनॉइड्स आदि होते हैं। प्याज के छिलके कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है और शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। आइए प्याज के छिलकों के लाभों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

1. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है

प्याज के छिलके में प्याज की तुलना में अधिक एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। यह फ्री रेडिकल्स को नियंत्रित करने में मदद करता है। जब शरीर में मुक्त कणों का स्तर बढ़ता है, तो शरीर की प्रतिरक्षा प्रभावित होती है। (पैरों में आए ये 6 बदलाव हैं इन गंभीर बीमारियों का संकेत, नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी)

2. गले की खराश से छुटकारा दिलाए

यदि आपके गले में खराश की समस्या है तो आपको प्याज के छिलकों को पानी में मिलाकर 1 मिनट तक रखना चाहिए। पानी को उबालकर उससे गरारे करें। इसमें एंटी-इंफ्लामेशन गुण होते हैं जो गले में सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

3. बालों की लंबाई बढ़ाए

अगर आपके बाल ड्राई हो गए हैं और वे अब बढ़ नहीं रहे हैं, तो आप उनमें प्याज के छिलकों का इस्तेमाल कर सकते हैं। प्याज के छिलकों को पानी में मिलाकर उबालें। अब अपने बालों को एक नियमित शैम्पू से धो लें। बाद में, इस घोल से अपने बालों को रगड़ें। इससे आपके बाल मुलायम और चिकने हो जाएंगे। यह आपको रूसी से छुटकारा पाने में भी मदद करेगा।

4. त्वचा से जुड़ी समस्याओं को दूर करे

प्याज के छिलकों में हीलिंग गुण होते हैं। प्याज के छिलकों की मदद से त्वचा की सूजन, खुजली, चकत्ते आदि को हल किया जा सकता है। संक्रमित क्षेत्र पर प्याज के छिलके रगड़ें और आप तुरंत राहत महसूस करेंगे।

5. पैरों में दर्द से छुटकारा दिलाए

प्याज के छिलकों को 15-20 मिनट तक पानी में उबालें। इस पानी को छलनी से छान लें और इसे एक इन्फ्यूज़र पानी बना दें। एक सप्ताह के लिए बिस्तर पर जाने से पहले इस पानी को चाय के रूप में पिएं। इसमें हीलिंग गुण होते हैं जो पैरों में दर्द को कम करने में मदद करते हैं।

प्याज के छिलकों का इस्तेमाल करने से पहले किसी आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह जरूर लें।

खांसी-जुकाम पर वार करेंगे ये 6 घरेलू उपाय

शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी हैं कारगर

हम में से ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जिनपर बदलते मौसम का असर जल्दी पड़ता है। जैसे, सर्दियों के शुरू होते ही कई लोगों को खांसी-जुकाम की परेशानी होने लगती है। अक्सर यह परेशानियां घरेलू उपायों से ठीक हो जाती है लेकिन कभी-कभी गले में खराश की वजह से खांसी आपका पीछा ही नहीं छोड़ती। आपको बोलते या फिर खाना खाने के दौरान लगातार खांसी आती रहती है। अगर आपको कभी ऐसी समस्या का सामना करना पड़ा है, तो आपको इसका ईलाज करने के लिए नीचे बताए गए, फलों के जूस का सेवन करना चाहिए, जिससे आपको खांसी से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही यह जूस आपके शरीर पर कैसे काम करते हैं, यह भी हम आपको बता रहे हैं।

अनानास (पाइनएप्पल) का जूस

2010 में हुए एक अध्ययन के मुताबिक अनानास का जूस टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भी रामबाण हैं, वहीं इसके जूस के गुण बढ़ाने के लिए इसमें शहद, नमक और काली मिर्च डालकर पीने से बलगम भी खत्म होता है। किसी कफ सीरप के मुकाबले अनानास का जूस खांसी पर पांच गुणा लाभदायक है। अनानास में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो फ्री रेडीकल्स की वजह से शरीर को पहुंचने वाले नुकसान से बचाव करते हैं।

मसालेदार खाने का सेवन

जी हां, आपको जानकर हैरानी होगी कि खांसी में मसालेदार और मिर्ची वाला खाना फायदेमंद हो सकता है। लाल मिर्च में कैप्साइसीन नाम का एक केमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से बलगम का असर कम होता है। लालमिर्च खाने के बाद आपके गले की खराश दूर हो जाती है। साथ ही मसालेदार खाना जुकाम में भी लाभदायक है।

भाप लेना (स्टीम)

गले और नाक को साफ करने के लिए आप घर में ही भाप ले सकते हैं। पानी को उबालकर उसमें एक चुटकी नमक डाल दें, अब अपने चेहरे को पतीले से एक निश्चित दूरी पर रखते हुए कोई तौलिया या चादर ओढ़कर अंदर की ओर सांस लें। खांसी और जुकाम को सही करने के लिए यह सबसे अच्छा घरेलू उपचार है। इससे आपकी नाक की नली और गला खुल जाएगा। दिन में 2-3 बार इस उपाय को करें।

विटामिन सी का सेवन

विटामिन सी का नियमित रूप से सेवन करने पर आपकी रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। खांसी के दौरान आपको किवी, ब्रोकली, संतरा, नीबू, फूलगोभी और विटामिन सी के भरपूर फलों और सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

गर्म पेय पदार्थों का सेवन

खांसी से जल्द छुटाकारा पाने के लिए आपको गर्म पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए। आप अदरक, शहद, लेमन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं, इससे आपको खांसी-जुकाम के दौरान राहत मिलेगी।

शरीर हाइड्रेट रखें

कई लोगों को सर्दी-जुकाम के दौरान प्यास नहीं लगती। ऐसे में वो पानी नहीं पीते, जिससे उनके शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप बीच-बीच में पानी पीते रहें। पानी के अलावा आप नारियल पानी, नीबू पानी के इस्तेमाल से भी शरीर को हाइड्रेट रख सकते हैं।

सेहत

प्रोटीन की कमी को दूर करेंगी ये 7 सब्जियां

शाकाहार खाने में मांसाहार की तरह प्रोटीन नहीं होता इसलिए आपको नॉनवेज खाना शुरू कर देना चाहिए' आपने अपने दोस्तों या फिर किसी ओर को ऐसा ही कुछ कहते हुए सुना होगा कि प्रोटीन की पूर्ति के लिए नॉनवेज खाना बहुत जरूरी है लेकिन फिर भी आपका दिल नॉनवेज खाने को नहीं करता, अगर आपके या आपके किसी दोस्त के साथ कुछ ऐसा ही है, तो आपको जानकर खुशी होगी कि शाकाहार यानी वेज खाने की कुछ चीजों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। आइए, जानते हैं प्रोटीन से भरे शाकाहार स्रोत-



हल्की आंच में भुने आलू

आपको जानकर हैरानी होगी कि मीडियम साइज में कटे और हल्की आंच में भुने हुए आलू में प्रोटीन, पोटेशियम, विटामिन सी और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है।

ब्रोकली

अगर अभी तक आप ब्रोकली खाने से परहेज कर रहे थे, तो आपको ब्रोकली खानी शुरू कर देनी चाहिए। आपको ब्रोकली में प्रोटीन की मात्रा और आयरन मिलेगा।

फूलगोभी

ज्यादातर लोगों को फूलगोभी पसंद होती है। इस सब्जी में प्रोटीन, कैलोरीज, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फाइबर और आयरन के गुण होते हैं।

मशरूम

आप अगर बार-बार बीमार पड़ते हैं, तो आपको मशरूम खाना शुरू कर देना चाहिए। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है।

पालक

पालक में प्रोटीन के अलावा आयरन, फाइबर और विटामिन बी पाया जाता है।

मक्का

सर्दियों में मक्का खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा है। इसमें प्रोटीन और फाइबर काफी मात्रा में पाया जाता है।

मटर

आलू हो या पनीर, मटर किसे अच्छा नहीं लगता। मटर प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

काकुरो पहेली - 2338



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 2337 का हल



लॉफिंग ज़ोन

बेटा (मां से)- मां, क्या पीला रंग महंगा मिलता है ?

मां- नही तो।

बेटा- मगर पडोस वाली आंटी तो कह रही थी, कि बेटी के हाथ पीले करने में लाख रूपए लगेंगे।

□ □ □

प्रदीप- मेरा मुंह मत घोओ बहुत ठंड है।

दादी- बेटे जब मैं तेरी उम्र की थी, तो दिन में चार बार मुंह घोआ करती थी।

प्रदीप- इसलिए तो तुम्हारा मुंह इतना सिकुड गया है।

□ □ □

मां- बेटे तू यह कैसी माचिस लाया है। इसमें एक भी तीली नही है ?

बेटा- मां आपने ही तो कहा था कि माचिस देखकर लाना, तीलियां सीली हुई मत लाना। इसलिए मैंने माचिस की सारी तीलियां जलाकर देख ली।

□ □ □

जज (चोर से)- तुमने सुनार की दुकान से गहने क्यों चुराए ?

चोर- जज साहब, दुकान के बाहर लिखा था 'सुनहरे मौके का लाभ उठाएं'।

फिल्म वर्ग पहेली- 2338



बायें से दायें:-

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मौं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१.'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2337

सूडोकु -2338

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	8
	3		1		8	7	9	5
9				6		4	2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2337 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

शब्द पहेली - 2338

बाएँ से दाएँ

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर -4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -2337 का हल

पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला की अस्थि कलश-यात्रा पहुंची मेवात, मेवात के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

अस्थि कलश यात्रा में चौटाला परिवार की तरफ से प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक आदित्य चौटाला व विधायक अर्जुन चौटाला मेवात पहुंचे

मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी की तरफ से इनेलो नेता चौधरी ताहिर हुसैन, जिलाध्यक्ष सुभान खाँ, हल्का अध्यक्ष इब्राहीम पहलवान ने चौटाला साहब को ख़िराज-ए-अकीदत पेश की

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। शनिवार को किसान-कमेरे वर्ग के मसीहा रहे, प्रदेश के पाँच बार के मुख्यमंत्री स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की अस्थि कलश-यात्रा नूँह की अनाज मंडी स्थित इनेलो कार्यालय पर पहुंची। अस्थि कलश-यात्रा में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक आदित्य चौटाला, विधायक अर्जुन चौटाला प्रमुख रूप से मेवात पहुंचे। इस अवसर पर नूँह से इनेलो के प्रत्याशी रहे चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट, जिलाध्यक्ष सभान खाँ सिंगारिया व हल्का अध्यक्ष इब्राहीम पहलवान ने सैंकडों प्रमुख लोगों के साथ मेवात की 36 बिरादरी की तरफ से स्व: चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को ख़िराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की।

विधायक अर्जुन चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने मेवात क्षेत्र के प्रति चौटाला साहब की फिक्र व लगाव को लोगों के सामने रखा। अर्जुन चौटाला ने वायदा किया कि चौटाला साहब की तरह ही वे और उनका परिवार मेवात क्षेत्र के लोगों से विशेष लगाव हमेशा बनाए रखेगा। मेवात की 36 बिरादरी की तरफ से ख़िराज-ए-अकीदत पेश करते हुए इनेलो नेता चौधरी ताहिर हुसैन ने कहा कि स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जैसी शख्सियतें सदियों में एकाध जन्म लेती हैं। चौटाला साहब ने हमेशा अपने जीवन में गरीब-मजलूम-किसानों के लिए संघर्ष किया है। उनका मेवात क्षेत्र व मेवात की जनता से विशेष लगाव था। वो हमेशा मेवात क्षेत्र के विकास के लिए फिक्रमंद रहते थे। उनके द्वारा किए गए देश, प्रदेश व खासतौर पर मेवात क्षेत्र के लिए विकास कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नूँह जिले को उन्हीं ने जिला बनाया था। उनके जाने से मेवात क्षेत्र के लोगों में गम का माहौल है। आज सैंकडों प्रमुख लोगों ने नम आंखों से उन्हें ख़िराज-ए-अकीदत पेश की है। यात्रा निकलने के बाद चौटाला साहब की अस्थियों को कोटला झील में विसर्जित किया गया।

16 बिन्दुओं पर परिवार पहचान पत्र दुरूस्त करवा सकते है : एडीसी

एडीसी प्रदीप सिंह मलिक ने दी परिवार पहचान पत्र संशोधन बारे जानकारी

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बताया कि नागरिक अब घर बैठे परिवार पहचान पत्र में नाम आदि की त्रुटि को दुरूस्त करवा सकते हैं। इसके लिए व्यक्ति को परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर जाकर स्वयं या किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर यह कार्य करवा सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने जनहित में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। प्रदेशभर के साथ-साथ जिला में भी परिवार पहचान पत्र बनाए गए हैं। परिवार पहचान पत्र बनवाने के दौरान नाम आदि कुछ त्रुटियां रह जाती हैं, जिसको दुरूस्त करवाया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रुटियां दुरुस्त करने के लिए 16 बिंदु निर्धारित किए हैं, जिनको ठीक किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि स्वयं का नाम, पिता का पहला और अंतिम नाम, माता का पहला और अंतिम नाम, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और आईएफएससी कोड, जाति श्रेणी, पेशा/व्यवसाय, आय, लिंग, मृत के रूप में चिन्हित करवाना, जिंदा के रूप में चिन्हित करवाना, दिव्यांग, वैवाहिक स्थिति, योग्यता और आय से संबंधित शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं का पहला और अंतिम नाम, मोबाईल नंबर, त्रुटि पोर्टल पर दुरूस्त करवाने के दौरान आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उस ओटीपी को डालकर त्रुटि दुरूस्त की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पिता का पहला व अंतिम नाम, माता का पहला व अंतिम नाम, बैंक खाता और आईएफएससी कोड की त्रुटि पोर्टल पर दुरुस्त करवाने के दौरान परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उस ओटीपी को डालकर त्रुटि दुरुस्त की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मृत के रूप में चिन्हित करवाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत होगी, दिव्यांग के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति के लिए विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, योग्यता की त्रुटि के लिए योग्यता की डिग्री की जरूरत होगी। पोर्टल पर इन त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में वेरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। आय, पेशा/ व्यवसाय आय दुरुस्त करवाने के लिए आय प्रमाण पत्र, व्यवसाय ठीक करवाने के लिए व्यवसाय का प्रमाण की जरूरत होगी। पोर्टल पर इन त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से संबंधित टीम के पास वेरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जाति श्रेणी की त्रुटि दुरुस्त करवाने के लिए जाति प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। पोर्टल पर जाति श्रेणी को दुरूस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से संबंधित पटवारी के पास वेरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणी के मार्गदर्शन में सरकार के निर्देशानुसार आय वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने इन संबंधित बिंदुओं से त्रुटि को शीघ्र दुरूस्त करवाएं ताकि वे सरकार की किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहें।

विभाग द्वारा अनीमिया मुक्त हरियाणा 100 दिन का त्योहार अनीमिया पर वार के तहत नागरिकों को किया जागरूक : उपायुक्त

अनीमिया अर्थात खून की कमी को दूर करने के लिए प्रतिदिन करें आयरन युक्त भोजन : विश्राम कुमार मीणा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के तहत अनीमिया मुक्त हरियाणा के लक्ष्य के तहत प्रदेश को अनीमिया मुक्त बनाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे है। नागरिकों को अनीमिया को दूर करने के लिए दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है तथा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा अनीमिया मुक्त हरियाणा 100 दिन का त्योहार अनीमिया पर वार के तहत नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अनीमिया अर्थात खून की कमी को दूर करने के लिए प्रतिदिन आयरन युक्त संतुलित भोजन करना चाहिए। इसमें गुड़, खजूर, मूंगफली, सोयाबीन, नींबू, बाजरा, दालें, मेथी, बरोकली, पालन व बथुआ शामिल है। इन्हें प्रतिदिन अपने आहार में शामिल करें। अनीमिया के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा 6 से 59 माह के बच्चों के लिए आईएफए सिरप, 5 से 9 वर्ष के बच्चों के लिए आईएफए गुलाबी गोली, 10 से 19 वर्ष के बच्चों के लिए आईएफए नीली गोली तथा 20 से 49 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं के लिए आईएफए लाल गोली निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी तरह एक से 19 वर्ष के बच्चों एवं 20 से 49 वर्ष प्रजनन आयुवर्ग की महिलाओं में कृमि नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एल्बेंडाजोल की टेबलेट निशुल्क दी जाती है। आईएफए सप्लीमेंटेशन व एल्बेंडाजोल की दवाई नजदीकी आशा, एएनएम, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र से निशुल्क प्राप्त कर सकते है।

अनीमिया के लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर से करें संपर्क :

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि अनीमिया के लक्षणों में थकान या कमजोरी, चिड़चिड़ापन, सांस फूलना, चक्कर आना, सिर दर्द, त्वचा अथवा नीचली पलक के अंदर लालिमा कम होना, एकाग्रता की कमी, भूख न लगना व कम सहनशक्ति शामिल है। अनीमिया से पीड़ित होने पर तुरंत डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सलाह के अनुसार उपचार लें। उपचार के दौरान हर महीने अपने खून में हीमोग्लोबिन (एचबी) के स्तर की अवश्य जांच करवाएं।

मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना भी अब सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में हुई शामिल : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में शामिल किया है। साथ ही, इसके तहत प्रदान किए जाने लाभों के लिए 45 दिन की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी जबकि कार्यक्रम अधिकारी (पोषण)/उप-निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और संयुक्त निदेशक/अतिरिक्त निदेशक को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी नामित किया गया है।

क्या है 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना

उपायुक्त ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के रूप में लड़के को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई कामगार महिलाओं के लिए पहले से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत पांच हजार रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती थी। अब सरकार द्वारा नियमों में बदलाव कर सहायता राशि दो किस्तों में देने का निर्णय लिया है।

फागना क्रिकेट अकादमी ने जीएस क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। 5 मैच सीरीज, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच जी. एस क्रिकेट अकादमी(शाहबाद) ओर रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने जी.एस क्रिकेट अकादमी (शाहबाद) को 7 विकेट से हराया।, यह मैच 40 ओवर का था और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जी.एस क्रिकेट अकादमी(शाहबाद) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 37 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 220 रन का लक्ष्य दिया। जी.एस क्रिकेट अकादमी(शाहबाद) की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए अंश शर्मा ने 28 गेंदों पर 4 चौको और 6 छक्कों की मदद से 50 रन, निशांत यादव ने 67 गेंद पर 2 चौके, 1 छक्के की मदद से 48 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनुज भारद्वाज ने 7.4 ओवर में 2 मेडन 38 रन देकर 6 विकेट और हिमांशु ने 8 ओवर में 39 रन देकर 3 विकेट और आशीष बंबी ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम ने 30.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाकर जीत हासिल की। रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए धर्मेंद्र कसाना ने 56 गेंद पर 3 चौके, 3 छक्के की मदद से 61 रन और यस कौशिक ने 41 गेंद पर 5 चौके की मदद से 50 रन बनाए। जी.एस क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश शर्मा, गोलू, निशांत यादव ने 11 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अनुज भारद्वाज को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच अंश शर्मा को घोषित किया। बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट मोहम्मद साद, बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट अनुज भारद्वाज, सीरीज ऑफ द टूर्नामेंट अनुज भारद्वाज, बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट गोविंद को मिला।

शहीद इंस्पेक्टर के परिवार को मिला 200 वर्ग गज का भूखंड

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा मंत्रिमंडल ने शहीद सब इंस्पेक्टर जय भगवान की पत्नी श्रीमती कमलेश शर्मा को शामलात देह भूमि से 200 वर्ग गज का भूखंड आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ ब्लॉक के गांव हीरापुर के रहने वाले शहीद जयभगवान 12 दिसंबर, 1995 को आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी।

नवनियुक्त आईपीएस सतेंद्र कुमार गुप्ता ने संभाला पदभार

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। 27 दिसंबर को हरियाणा सरकार द्वारा पुलिस महानिरीक्षक सतेंद्र कुमार गुप्ता आईपीएस को फरीदाबाद का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे सोनीपत के पुलिस आयुक्त नियुक्त थे। आज, 28 दिसंबर को उनके द्वारा फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया गया है।

पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचने पर फरीदाबाद पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। आईपीएस सतेंद्र कुमार गुप्ता उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले हैं। बीटेक की पढ़ाई के बाद वे वर्ष 2004 में भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी बने। उनको वर्ष 2016 में बहादुरी के लिए पुलिस मेडल फॉर गैलंट्री तथा वर्ष 2023 में उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस मेडल से नवाजा गया। अपनी 20 वर्ष की सेवा के दौरान वे हरियाणा के सोनीपत, सिरसा, भिवानी, फतेहाबाद, हिसार आदि जिलों में पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त रहे। गुरुग्राम में पुलिस उपायुक्त ईस्ट और गुप्तचर विभाग में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं। वर्ष 2022 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने उपरांत पुलिस महानिरीक्षक करनाल रेंज के पद पर नियुक्त रहे तथा 2 वर्ष से अधिक के कार्यकाल के बाद उनको पुलिस आयुक्त सोनीपत लगाया गया।

नवनियुक्त पुलिस आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने उपरांत पुलिस अधिकारियों व थाना प्रबंधकों के साथ गोष्ठी की तथा आगे की रणनीति बारे विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध को नियंत्रित करने के लिए जागरूकता के साथ-साथ तकनीकी आधार पर सटीक कार्यवाही प्राथमिकता रहेगी, महिला विरुद्ध अपराध को कम करने के लिए पुलिस की उपस्थिति को और बेहतर किया जाएगा, अपराध की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा, साथ ही जिला की यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा। नवनियुक्त पुलिस आयुक्त, आमजन के प्रति मैत्रीपूर्ण व्यवहार और अपराधियों के प्रति खौफ के रूप में जाने जाते है और फरियादियों की फरियाद सुनकर उन्हें शीघ्र न्याय दिलाना तथा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने शहरवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष मनाया जाए, फरीदाबाद पुलिस द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त कर लिए गए हैं, शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा, उन्होंने आमजन से अपील की है कि शराब पीकर वाहन ना चलाएं।

श्री सुखमनी साहिब का पाठ व भण्डारे का आयोजन

समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह

फरीदाबाद। देश व आमजन की सुख,शांति व खुशहाली के लिए पाली गाजीपुर रोड़ की 55 फूट रोड़ पर अविनाश इंजीनियरिंग प्रा0 लि0. के पास श्री सुखमनी साहिब का पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए सरदार सुखबीर सिंह कंबोज, ओपी कंबोज, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार टेकपाल सिंह व मोती चौधरी ने संयुक्त रूप से इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री सुखमनी साहिब के पाठ के बाद अरदास और फिर भण्डारे में आसपास की कंपनी के हजारों मजदूरो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी को आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष सभी के घरों में सुख,शांति और खुशहाली लेकर आए।

खाटू श्याम की निकाली भव्य निशान यात्रा व अलग-अलग स्थानों पर हुए संकीर्तन

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। मंगलवार 24 दिसंबर को श्याम सेवादार ग्रुप 24 तारीख वाले ट्रस्ट द्वारा तृतीय श्री श्याम संकीर्तन के उपलक्ष में सुबह 11:00 बजे ढोल बाजे डीजे व बाबा की भव्य झांकी के साथ व बाबा के निशानों के साथ भव्य निशान यात्रा हनुमान मंदिर,महावीर कॉलोनी से उत्सव स्थल तक निकाली गयी वही रात्रि 7:00 बजे से अग्रवाल धर्मशाला चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ में पंडित कुमुद कृष्ण शास्त्री जी बरसाना से,श्री चैतन्य दाधीच मुंबई से,सुश्री नम्रता कारवा मुंबई से, गौरव दत्त तिजारा से व राहुल गुप्ता बल्लबगढ़ के द्वारा सभी श्याम भक्तों के औसाथ मिलकर भजनों की गंगा प्रवाहित की गयी,ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने आए हुए सभी भक्तों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया रात्रि कीर्तन में आरती के बाद सभी भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया। वहीं सैनिक कॉलोनी फरीदाबाद में 2024 वी.के.वी.जागरण 21वाँ दिव्य दर्शन उत्सव का आयोजन शाम 5:00 बजे से किया गया, आयोजक विनय गोयल जी ने बताया कि देवेंद्र पुजारी जी चुलकाना धाम व श्री मनु शशि जी महाराज के पावन सानिध्य में सैनिक कॉलोनी में भव्य त्री शक्ति दरबार श्री सालासर बालाजी महाराज,मेहंदीपुर बालाजी महाराज व श्री श्याम बाबा का लगाया गया,जिसमें भारत के मशहूर व प्रसिद्ध भजन प्रवाहक कन्हैया मित्तल जी चंडीगढ़ वाले ने बालाजी महाराज व श्याम बाबा के भजन छम छम नाचे देखो वीर हनुमान व हम हारे हारे हारे,तुम हारे के सहारे जैसे भजनों से पूरा पंडाल मंत्र मुग्ध कर दिया वही मंयक अग्रवाल,मोना मेहता,अंश वंश,रिंकू भैया व दिल्ली से आये प्रमोद अग्रवाल जी द्वारा बाबा का अद्भुत फूलों से श्रृंगार किया गया, कीर्तन में आए हुए सभी भक्तों का गोयल परिवार व दहिया परिवार द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया,आये सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया व रात्रि आरती के पश्चात सभी भक्तों को बाबा के भोग का प्रसाद वितरित किया गया।

संपादकीय

महाकुंभ मेला से बदल जाएगी यूपी की अर्थव्यवस्था

दुनिया का सबसे बड़ा मेला जो 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होगा। ये 26 फरवरी तक चलेगा। इन 45 दिनों में अंदाजन 45 करोड़ लोग महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। आस्था नगरी प्रयागराज के महाकुंभ में तमाम साधु-संत श्रद्धालु और महात्मा हजारों किलोमीटर का सफर तय कर धर्म की नगरी में आस्था डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। धार्मिक उत्सव होने के साथ साथ महाकुंभ 2025 के आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी लाएगा। कारोबारियों को भी महाकुंभ से काफी उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर को महाकुंभ में कुंभ की स्थापना करने के साथ ही शहर के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए 5500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने भी प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन के प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का जिक्र किया।

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

कुंभ से जुड़े एक और पक्ष का पीएम मोदी ने जिक्र किया है। ये पक्ष कुंभ से आर्थिक गतिविधियों का विस्तार है। हम देख रहे हैं कि कैसे कुंभ से पहले भी इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही थीं। संगम के तट पर करीब डेढ़ महीने के लिए एक अस्थायी शहर बसाया जाएगा जिसमें रोजाना लाखों लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रयागराज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की जरूरत होगी। 6,000 से अधिक नाविक, हजारों दुकानदार और धार्मिक अनुष्ठानों और पवित्र स्नान में सहायता करने वालों के काम में वृद्धि होगी, जिससे रोजगार के कई अवसर सृजित होंगे। यानी यहां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर तैयार होंगे। सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए व्यापारियों को दूसरे शहरों से सामान मंगाने पड़ेंगे।

प्रयागराज कुंभ का प्रभाव आसपास के जिलों पर भी पड़ेगा। देश के दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालु रेल या विमान की सेवाएं लेंगे। इससे भी अर्थव्यवस्था में गति आएगी। यानी महाकुंभ से सामाजिक मजबूती तो मिलेगी ही लोगों का आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा। यूपी सरकार धार्मिक सभा को बढ़ावा दे रही है, उम्मीद है कि इससे आध्यातमिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। टेम्पो संचालक, रिक्शा चालक, मंदिर स्थलों पर फूल बेचने वाले, यादगार वस्तुएं बेचने वाले, नाव संचालक और यहां तक कि होटल जैसे छोटे पैमाने के विक्रेताओं की कमाई स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगी। कुंभ मेले के आसपास के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में बड़े पैमाने पर आर्थिक उछाल आने की उम्मीद है। ऐसी उम्मीदें हैं कि महाकुंभ वाराणसी, अयोध्या, मथुरा और विंध्यवासिनी धाम जैसे आसपास के धार्मिक स्थलों के लिए भी लाभदायक हो सकता है।

महाकुंभ मेला 4,000 हेक्टेयर में फैला होगा, जिसमें एक अस्थायी तम्बू शहर बनाया जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया (टीओआई) की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार इस विशाल धार्मिक आयोजन के आयोजन पर अनुमानित 7,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। महाकुंभ में भारत और दुनिया भर से 40 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है। 2019 में, कुंभ मेले ने 25 करोड़ भक्तों को आकर्षित किया। यूपी सरकार के आर्थिक सलाहकार केवी राजू ने एक निजी मीडिया समूह से बात करते हुए कहा कि 2019 कुंभ मेले की तुलना में 2025 के महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों का सैलाब उमड़ेगा। जब वे अपने घरों से बाहर निकलेंगे, पवित्र स्नान के लिए संगम पर पहुंचेंगे और घर लौटेंगे, तभी से आर्थिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। अनुमान है कि आर्थिक गतिविधि का मूल्य 2 लाख करोड़ रुपये है।

महाकुंभ 2025 सिर्फ एक आध्यातमिक सभा नहीं है, यह एक विशाल आर्थिक इंजन है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का कहना है कि हमारा ध्यान तीर्थयात्रियों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करते हुए बुनियादी ढांचे, पर्यटन और रोजगार सृजन को बढ़ाने पर है। कुंभ मेला नोडल अधिकारी विजय आनंद के अनुसार, महाकुंभ से राज्य को करों, किराये और अन्य शुल्कों के माध्यम से 25,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो सकता है। 2 लाख करोड़ रुपये से 3 लाख करोड़ रुपये के बीच वित्तीय लेनदेन के साथ, धार्मिक मण्डली से स्थानीय अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण लाभ होने की उम्मीद है।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों लोगों के आने से राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस आयोजन में देश दुनिया से करोड़ों लोग शामिल होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में सही राह पर है। सीएम योगी ने यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों और नीतियों पर भी चर्चा की। बीते 7 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

भाजपा लोकतांत्रिक एवं बढ़ती हुई पार्टी : पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल

पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर तीन सक्रिय कार्यकर्ता बनाए: पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल

जेपी दलाल बोले— नगर पालिका के चुनाव में उम्मीदवारों को पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़वाया जाएगा या नहीं, यह फैसला पार्टी संगठन के शीर्ष नेताओं द्वारा किया जाएगा

भाजपा सरकार ही प्रत्येक वर्ग की भलाई व क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कर रही है कार्य : पूर्व वित मंत्री जेपी दलाल

पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल ने लोहारू तथा बहल में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

समाचार गेट/सोनिका सूरा

लोहारू/सिवानी मंडी। प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक एवं बढ़ती हुई पार्टी है। इस पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है। पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर तीन सक्रिय कार्यकर्ता बनाए ताकि पार्टी और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में होने जा रहे नगर पालिका के चुनाव में उम्मीदवारों को पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़वाया जाएगा या नहीं, यह फैसला पार्टी संगठन के शीर्ष नेताओं द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता नगर पालिका के चुनाव में भाजपा के अधिक से अधिक उम्मीदवार जीताकर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करें।

पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल शनिवार को लोहारू तथा सिवानी में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान दें और सदस्य अभियान में सक्रिय कार्यकर्ता बनकर पार्टी को मजबूत करें। भाजपा सरकार ही गरीब, किसान के कल्याण के लिए अंतोदय की भावना से कार्य कर रही है। भाजपा में हर कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है। इस पार्टी में लोकतांत्रिक प्रणाली से पदाधिकारी का चुनाव किया जाता है। भाजपा परिवारवाद और क्षेत्रवाद को नकारती करती है। सभी क्षेत्रों का बिना भेदभाव के सम्मान विकास करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नीतिया बनकर प्रत्येक वर्ग की भलाई व क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। इस पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान दिया जाता है।भाजपा सरकार ने अन्नतोदय की भावना कार्य करके हर वर्ग के हित में अनेक योजनाओं को पारदर्शिता से लागू करके और बिना खर्ची व पर्ची से योग्यता के आधार पर हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। इसी बदौलत तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनी है। इससे प्रदेश में और अधिक गति से विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए लक्ष्य से भी ज्यादा सदस्यता ग्रहण करवाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोडना और संगठन को और अधिक मजबूत करना है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आमजन भाजपा के विचारों से जुड़ें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने विकसित राष्ट्र और विकसित हरियाणा बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जुडने. की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण करें और अंत्योदय के संकल्प और नॉन-स्टॉप हरियाणा को विकसित बनाने के हमारे ध्येय को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने नीति बनाकर हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया। किसान व गरीब की आय बढ़ाने के लिए पारदर्शिता से अनेक योजनाओं को लागू किया। जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र में बिना खर्ची व बिना पर्ची योग्यता के आधार पर युवाओं का चयन हुआ है जिससे गरीब परिवारों में खुशी की लहर है। हर वर्ग के गरीब परिवारों को नौकरी मिली है, गुजरात मॉडल की तरज पर भाजपा और कई वर्षों तक जीत दर्ज करेगी। किसी भी गांव, कस्बे में ग्रांट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कनीना खंड के 7 गावों हुई औलावृष्टि से सरसों की फसल में हुआ भारी नुकसान

कृषि तथा भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों ने खेतों में जाकर किया आंकलन, फसल खराब होने पर किसानों ने मांगा मुआवजा

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना क्षेत्र में बीती रात्री हुई औलावृष्टि से सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जिसे लेकर किसानों ने मुआवजे की मांग की है। बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई गुल हो गई। जिसे लेकर किसानों के माथे प्र चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी हैं किसानों ने इस बारे में जनप्रतिनिधियों तथा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। जिसके दरम्यान कृषि एवं भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पंहुचकर औलावृष्टि प्रभावित फसल का जायजा लिया है। कनीना विकास खंड में करीब 32 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9700 हैक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। जिनमें शुक्रवार रात्री के समय बारिश के साथ हुई औलावृष्टि से 7 गावों पोता, सेहलंग, अगिहार, बागोत,स्याणा, तलवाना,खेडी में सरसों की फसल में नुकसान की अधिक संभावना जताई गई है, जिसके आंकलन के लिए कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय यादव, डॉ योगेश चंद्र, मनोज पटवारी, प्रदीप कुमार पटवारी, महेंद्र सिंह खटाना पटवारी ने खेतों में जाकर औलावृष्टि से खराब हुई सरसों की फसल का आंकलन कर सर्वे रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। कृषि विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ अजय यादव ने बताया कि पोता गांव मे 900 एकड,स्याणा में 600 एकड भूमि में खडी सरसों की फसल में 50 से 75 फीसदी नुकान का आंकलन किया गया है। इसी प्रकार बागोत में करीब 125 एकड में 25 फीसदी, सेहलंग व तलवाना में करीब 250 एकड में खडी सरसों में 25 से 50 फीसदी, अगिहार में करीब 200 एकड में 25 से 50 फीसदी, खेडी के 150 एकड में 25 फीदसी तक नुकसान की संभावना है।

ईधर करीब 3 माह बाद पौष मास, शुक्रवार को हुई 45 एमएम जबरदस्त बारिश के चलते जगह-जगह पानी जमा हो गया। इस बारिश के चलते किसानों को रबि फसल में सिंचाई से छुटकारा मिल गया है वही तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सडक मार्गों तथा रास्तों मे पानी जमा होने से वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। खेतो में खडी गेहूं,जौ-चना के अलावा सब्जी वाली फसल मटर, गोबी, गाजर आदि में बारिश का पानी लगने से उसमें रौनक छा गई है। कृषि विभाग के एसडीओ के मुताबिक आगामी तीन दिन तक बारिश की संभावना बनी हुई है। किसान फसल सिंचाई न करे। इस मौके पर देवेंद्र सिंह नम्बरदार अगिहार, दलबीर सिंह सरपंच अगिहार, सुरेंद्र सिंह नम्बरदार खेडी, छत्रपाल सिंह तलवाना, बीर सिंह, हनुमान सिंह, मुकेश यादव, संतलाल, राजेश, सुभाष, लोकेष, कुलदीप, सतीश, अनूपसिंह, कुलदीप जांगडा, शमशेर सिंह, मागेंराम शर्मा, नरवीर सिंह, नरेश, वीरपाल स्याणा, वीरेंद्र ने खेतों में जाकर सरसों की फसल दुर्दशा को देखा। अटेली की विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि बारिश व औलावृष्टि से खराब हुई सरसों फसल की सर्वे करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। सरकार किसानों के साथ खडी है उन्हें चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

नूंह में मनमोहन सिंह के शोक में राष्ट्रीय ध्वज ना झुकाने पर आफताब अहमद ने जताई नाराजगी

बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से हुए नुकसान के लिए की मुआवजे की मांग

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह से कांग्रेस विधायक व पार्टी के दिग्गज नेता चौधरी आफताब अहमद ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्रीय सरकार द्वारा घोषित सात दिवसीय शोक पर नूंह में राष्ट्रीय ध्वज ना झुकाने के मामले का संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर पत्रकार सम्मेलन में विधायक आफताब अहमद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश सहित पूरे विश्व को सदमा लगा है। डॉ सिंह की विनम्रता, मार्गदर्शन और देश के लिए योगदान इतिहास के पन्नों में हमेशा जीवित रहेंगे। उनकी सादगी, ईमानदारी और सेवा के सिद्धांत उनके जीवन में हर कदम पर दिखाई देते थे। उनके जीवन और कार्यों से यह स्पष्ट होता था कि उनका नेतृत्व धर्म, विज्ञान और मानवता के बीच संतुलन बनाए रखने का उदाहरण था। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि देश के साथ-साथ उनकी आर्थिक नीतियों ने पूरे विश्व को फायदा पहुंचाया। 90 के दशक का उनका वित्त मंत्रालय का कामकाज हो या 2004 से 2014 का प्रधानमंत्री कार्यकाल, ये देश के लोगों के लिए आर्थिक विकास का अवसर था। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि डा मनमोहन सिंह कम बोलते थे, पर जानते थे कि कब, कहां और कितना बोलना है। बोलने से अधिक देश की आवाम के लिए काम करने में यकीन रखते थे। न उन्होंने कभी मीडिया से मुंह छिपाया और न बेवजह के नारे उछाले। जब मौक़ा, ज़रूरत हुई, प्रेस कॉन्फ्रेंस की और हर सवाल का जवाब दिया। विधायक आफताब अहमद ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की विशेष गिरदावरी कराकर उचित मुआवज़ा देने की मांग की है। उन्होंने 2022 के लंबित लगभग 10 करोड रुपए के मुआवज़े को तत्काल बांटने की मांग भी पुन: उठाई है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा प्रदेश सरकार किसानों के हितों के विपरीत कार्य कर रही है और कई साल पूराने मुआवज़े को अभी तक नहीं बांट पाई है। वहीं विधायक आफताब अहमद ने भाजपा केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान न मुहैय्या कराकर भाजपा सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, उनकी विशाल शर्खसियत और विरासत के साथ न्याय नहीं किया। इससे एक नकारात्मक संदेश लोगों के बीच गया है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि इससे पहले सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को सर्वोच्च सम्मान और आदर मिलने की परंपरा रही थी। डॉ मनमोहन सिंह भी इस सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। आज मुल्क सहित पूरा विश्व उनके योगदान को याद कर रहा है। सरकार को इस मामले में राजनीति से हटकर सोचना चाहिए था।

पखवाडे भर बाद नहीं हुआ शव का अंतिम संस्कार

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। बागोत गांव में 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के 15वें दिन शनिवार को भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। पीडित परिजन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शव को मणिकर्णिका घाट,वाराणसी, काशी में अंतिम संस्कार करने की कह रहे हैं। प्राथमिकी न होने की सूरत में न्याय के लिए 7 जनवरी के बाद कोर्ट की शरण में जाएगें। शव का अंतिम संस्कार नहीं होने से प्रशासनिक अधिकारियों तथा समाज के प्रबुध लोगों द्वारा संवेदना जताई जा रही है। हालांकि जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा गांव के मोजिजान लोगों तथा रिश्तेदारों द्वारा मृतक के पिता कैलाश शर्मा को समझाने के काफी प्रयास किए गए हैं। लेकिन उनकी ओर से पहले प्राथमिकी दर्ज करने करने की बात कही जा रही है जबकि पुलिस उन्हें साक्ष्य उपलब्ध करवाने की बात कह रही है। बता दें कि मृतक 26 वर्षीय युवक मोहित का शव पोस्टमार्टम बीती 14 दिसंबर को किया गया था। उसका शव पिछले 15 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण की उम्मीद बन रही है। जिस पर अस्पताल तथा पुलिस कर्मचारी नजर बनाए हुए है। मृतक के पिता कैलाश शर्मा की ओर से प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों पर युवक को आत्महत्या के लिए जिम्मेवार ठहराने के आरोप लगाए जा रहे हैं। जबकि पुलिस को इस बारे में मृतक युवक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट आदि नहीं मिला। केस दर्ज करने के लिए पुलिस मृतक के परिजनों के साक्ष्य मांग रही है तथा परिजन केस दर्ज करने की मांग पर अडे हुए हैं।

कनीना के लिए उम्मीदों से भरा रहेगा आगामी वर्ष 2025

लघु सचिवालय भवन के उद्घाटन सहित विभिन्न प्रोजेक्ट पर होगा कार्य

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। वर्ष 2025 कनीना क्षेत्र के लिए बड़ा उम्मीद भरा रहने वाला है। इस वर्ष के शुरूआती दौर में नवनिर्मित लघु सचिवालय भवन का उद्घाटन प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह द्वारा किया जाएगा। उसके लोकार्पण के बाद उपमंडल स्तर के सभी कार्यालय यहां पर संचालित होने से आमजन को एक छत के नीचे उपमंडल स्तर की सुविधाएं उपलब्ध होगी। अभी तक अनेक कार्यालय इधर-उधर कार्ररत हैं।

इसके अलावा कनीना के उपमंडल स्तरीय अस्पताल को प्रथम रेफरल यूनिट का दर्जा मिलने की पूरी संभावना है। जिससे क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं कनीना में मिलने लगेंगीं। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने विस चुनाव से पहले कांटी खेड़ी से खैरडी मोड तक मेजर डिस्टिक रोड को राज्य मार्ग का दर्जा देने का निर्णय लिया था जिसके तैयार होने के बाद बागेश्वर धाम के समीप 152डी पर एंट्री एग्जिट प्वाइंट बनने का रास्ता भी साफ होगा। जिससे सैकड़ो गावों के ग्रामीणों को परिवहन की अच्छी सुविधा मिलेगी।

लघु सचिवालय भवन के समीप ही उपमंडल स्तरीय न्यायिक परिसर भवन की बुनियाद रखी जाएगी। जिससे कोर्ट के कार्य में आसानी होगी। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का विधानसभा क्षेत्र होने के कारण विकास के अनेकों प्रोजेक्ट पर कार्य पूरा होने की उम्मीद है। नव वर्ष में कनीना नगरपालिका का चुनाव होगा। जिसके लिए सामान्य कैटेगरी की महिला के लिए चेयरपर्सन का पद आरक्षित किया गया है। चुनाव की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं।

नगरपालिका तावडू की मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियों का हुआ निपटान : संजीव कुमार

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। रिवाईजिंग अथोरिटी-कम- उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार ने बताया कि नगरपालिका तावडू की प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियों का निपटारा कर दिया गया है। यदि किसी मतदाता को कोई भी आपत्ति है तो वह इसके लिए 31 दिसंबर तक उपयुक्त महोदय के समक्ष उपस्थित होकर अपील कर सकता है।

बारिश से फसलों को कोई नुकसान नहीं : वीरेन्द्र देव

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। कृषि विभाग के उपनिदेशक वीरेंद्र देव आर्य ने बताया कि जिला नूंह में आज हुई बारिश से फसलों को किसी प्रकार के नुकसान की सूचना अभी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जिला के अधिकतर क्षेत्रों में गेहूं व सरसों की फसल बोई गई है। अभी तक जिला में जो बारिश हुई है, वह अधिकतर क्षेत्र में इन फसलों के लिए लाभदायक रहेगी। जिला में ओलावृष्टि से भी फसलों को किसी प्रकार के नुकसान की सूचना अभी प्राप्त नहीं हुई है।

पडतल में लाठी-डंडों से हमला एक व्यक्ति को घायल किया

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव पडतल के समीप ढाणी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इस बारे में पीडित रविंद्र पडतल ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा किवह दिन में करीब एक बजे कनीना जा रहा था, रास्ते में वह ढाणी में रूक गया। जैसे ह ीवह अंदर बैठा तो पीछे से आए बाईक सवार लो युवकों ने उस पर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। शोर सुनकर पडौस के लोग मौके पर आए तो आरोपी फरार हो गए।

एक आरोपी की पहचान जसमीत उर्फ झब्बू वासी चेलावास के रूप में हुई है। नवीन कौशिक ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

संक्षिप्त समाचार

2 डॉलर की टिप नहीं दी तो पिज्जा डिलीवरी गर्ल बनी हैवान, प्रेग्नेंट महिला पर चाकू से किए 14 वार

फ्लोरिडा, एजेंसी। अमेरिका के फ्लोरिडा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक पिज्जा डिलीवरी गर्ल को एक प्रेग्नेंट महिला की हत्या की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर महिला ने उसे 2 डॉलर की टिप देने से इनकार कर दिया था जिससे वह भड़क गई थी। आरोपी की पहचान 22 वर्षीय ब्रायना अल्वेलो के रूप में हुई है। उसने महिला पर चाकू से एक दर्जन से भी ज्यादा वार किए। हालांकि महिला इस घटना में बच निकली। यह वाकया फ्लोरिडा के एक मोटेल में हुआ। महिला अपने प्रेमी और 5 वर्षीय बेटी के साथ जन्मदिन मना रही थी और उसने पिज्जा ऑर्डर किया। महिला ने डिलीवरी वर्कर को 33 के पिज्जा ऑर्डर के बाद एक छोटी सी टिप दी। ओसियोला काउंटी शेरिफ के मुताबिक अल्वेलो को यह बात अच्छी नहीं लगी। रविवार को रात 10 बजे वह एक नकाबपोश साथी के साथ चाकू से लैस होकर मोटेल में लौटी। दोनों ने महिला पर हमला कर दिया। न्यू यॉर्क पोस्ट के मुताबिक अल्वेलो ने कथित तौर पर घटनास्थल से भागने से पहले पीड़िता को 14 बार चाकू घोंपा। हमले के दौरान पीड़िता ने अपनी बेटी को बचाने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उसकी पीठ पर भी वार किया। उसने मदद के लिए किसी को पुकारने की कोशिश की लेकिन अल्वेलो ने उसका फोन तोड़ दिया। हमले के बाद पीड़िता को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर हत्या के प्रयास, घर में घुसपैठ, मारपीट और अपहरण के आरोप में केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि उसका साथी अभी भी फरार है। अल्वेलो को जमानत देने से मना कर दिया गया है और फिलहाल उसे ओसियोला काउंटी जेल में रखा गया है। इस मामले पर पिज्जा चेन के मालिक ने दुख जताते हुए माफी मांगी है। कंपनी ने लोगों को आश्वासन दिया है कि वे जांच जारी रहने तक अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, ग्राहकों और टीम के सदस्यों की सुरक्षा और भलाई हमेशा हमारी प्राथमिकता रही है।

इस्राइली अटॉर्नी जनरल ने पीएम नेतन्याहू की पत्नी के खिलाफ जांच के दिए आदेश, गवाह को धमकाने का आरोप

येरूशलम, एजेंसी। इस्राइली के अटॉर्नी जनरल ने पुलिस को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पत्नी सारा नेतन्याहू के खिलाफ जांच शुरू करने का आदेश दिया है। पीएम नेतन्याहू की पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक विरोधियों और नेतन्याहू के भ्रष्टाचार के मुकदमे में एक गवाह को परेशान किया। मामले में इस्राइली न्याय मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक संक्षिप्त संदेश में कहा कि यह जांच हाल ही में प्रकाशित उवदा रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित होगी। इस कार्यक्रम में व्हाट्सएप संदेशों का एक बड़ा संग्रह दिखाया गया, जिसमें सारा नेतन्याहू एक पूर्व सहयोगी को विरोध प्रदर्शनों को आयोजित करने और मुकदमे में एक गवाह हदास क्लेन को धमकाते हुए दिखाई दे रहीं हैं। बता दें कि मामले में मंत्रालय ने सारा नेतन्याहू का नाम सीधे नहीं लिया और आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे ताइवान के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे वेन-जे, हो सकती है 28 साल की जेल

ताइपे, एजेंसी। ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और ताइवान पीपुल्स पार्टी के संस्थापक को वेन-जे को गुरुवार को भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराया गया। उन पर द्वीप की राजधानी के मेयर रहने के दौरान रिश्वत लेने का आरोप लगाया जा रहा है। अभियोजकों के बयान के अनुसार, को, जिन्होंने ताइपे के पूर्व मेयर के रूप में भी काम किया था, ने अपने कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर रियल एस्टेट विकास से संबंधित रिश्वत ली थी। को पर राजनीतिक चंदे को शर्मसार करने का भी आरोप है. यदि उसे सभी आरोपों में दोषी ठहराया जाता है, तो उसे 28.5 साल की संभावित जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले, को ने रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया था। उनकी पार्टी ने कहा कि ये आरोप राजनीतिक उत्पीड़न का मामला हैं। ताइपे की 2014 मेयर की दौड़ जीतने के लिए राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया। उन्होंने 2014 से 2022 तक दो कार्यकाल दिए। मामले का मूल ताइपे में कोर पैसिफिक सिटी समूह के स्वामित्व वाला एक विकास है। अभियोजकों का कहना है कि को ने रिश्वत के बदले में कंपनी को शहर निर्माण नियमों से बचने की अनुमति दी। टीपीपी की केंद्रीय समिति के सदस्य लिन फू-नान ने कहा कि सत्ता के इस तरह के दुरुपयोग से सरकार एक राजनीतिक ठग बनकर रह गई है। हम राजनीति के काले हाथ वालों से आह्वान करते हैं कि वे न्यायपालिका तक न पहुंचें।

अमेरिकी राज्य ओहायो में अब हिंदू छात्रों को मिलेगी दिवाली की छुट्टी, सीनेटर नीरज बोले- यह हिंदुओं की जीत

कोलंबस, एजेंसी। अमेरिका के ओहायो राज्य में अब हिंदू छात्रों को दिवाली की छुट्टी मिलेगी। इसके साथ ही वह अपने धार्मिक पर्व पर एक शिक्षा सत्र मे दो अन्य छुट्टियां भी ले सकेंगे। अमेरिकी राज्य के भारतीय अमेरिकी विधायक ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लाए गए विधेयक को पहले ओहायो स्टेट हाउस और सीनेट ने पारित किया था। अब ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने इसे पारित कर दिया।

राज्य सीनेटर नीरज एंटनी ने कहा कि नए विधेयक के चलते ओहायो में प्रत्येक हिंदू छात्र 2025 में होने वाली दिवाली और उसके बाद दो दिन स्कूल की छुट्टी ले सकेगा। यह ओहायो में हिंदुओं की एक अविश्वसनीय जीत है। अमेरिकी इतिहास में ओहायो पहला ऐसा राज्य है जहां प्रत्येक छात्र को दिवाली की छुट्टी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे कानून के तहत छात्रों को 2 अन्य धार्मिक छुट्टियां लेने की अनुमति मिलेगी। इसका मतलब है कि एक गुजराती हिंदू छात्र नवरात्रि या अन्नकूट के लिए एक दिन की छुट्टी ले सकता है। एक इस्कॉन भक्त प्रमुख स्वामी महाराज जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक स्वामीनारायण भक्त हरि जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक तेलुगु हिंदू छात्र उगादि की छुट्टी ले सकता है, एक तमिल हिंदू छात्र पोंगल की छुट्टी ले सकता है, एक बंगाली हिंदू छात्र दुर्गा पूजा की छुट्टी ले सकता है, एक पंजाबी हिंदू छात्र लोहड़ी की छुट्टी ले सकता है, एक इस्कॉन भक्त उन्होंने कहा कि कृष्ण

जन्माष्टमी की छुट्टी ले सकता है। ओहायो में अब किसी भी हिंदू बच्चे को त्योहार के चलते पढ़ाई की समस्या नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि विधेयक के मुताबिक छुट्टी लेने के लिए माता-पिता को स्कूल के प्रिंसिपल को एक हस्ताक्षरित पत्र भेजेंगे। इसमें छात्र द्वारा ली जाने वाली धार्मिक छुट्टियों का जिक्र होगा। हस्ताक्षरित पत्र स्कूल वर्ष के पहले दिन से 14 दिनों के भीतर प्रिंसिपल को भेजा जाएगा। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक समीर कालरा ने कहा कि ओहायो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर रहा है कि कैसे स्कूल यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी छात्र नकारात्मक शैक्षणिक परिणामों के डर के बिना अपने धर्म का पूरी तरह से पालन कर सकें। फाउंडेशन इस पहल की सराहना करता है।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (ष्टश्ब्ढ्ढ) के क्लीवलैंड चैप्टर के निदेशक राकेश रंजन ने कहा कि क्लीवलैंड में हाल ही में स्नातक करने वाले छात्रों के एक हिंदू अभिभावक के रूप में दिवाली के दौरान ऐसा होना आश्चर्यजनक है। अब मेरे बच्चे दिवाली को पूरी तरह से मना पाएंगे और अपनी पढ़ाई की चिंता नहीं करेंगे। हिंदू एक्टेशन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा कि इस विधेयक से 120,000 हिंदुओं को अपने परिवारों के साथ अपनी परंपराओं का जश्न मनाने, समावेश और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का अधिकार मिला है।

विमान के पहिये में मिला व्यक्ति का शव, पायलट व यात्रियों के उड़े होश

लॉस एंजिल्स , एजेंसी। अमेरिका के हवाई में एक हवाई अड्डे पर उतरने के बाद यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के पहिए में एक व्यक्ति का शव मिला. इस बारे में एयरलाइंस के अलावा स्थानीय समाचार पत्रों ने जानकारी दी गई. वहीं इस संबंध में कंपनी ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा, मंगलवार को माउई के काहुलुई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान के पहिये के पास एक व्यक्ति का शव मिला है. कंपनी ने यह भी कहा कि वह मामले की जांच में कानून प्रवर्तन अफसरों के साथ काम कर रही है.समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक कंपनी ने कहा कि यह अभी भी पता नहीं चल पाया है कि वह व्यक्ति पहिये तक किस तरह पहुंचा. उन्होंने कहा कि पहिये (व्हील वेल) तक सिर्फ प्लेन के बाहर से ही पहुंचा जा सकता था. इस संबंध में बताया जा रहा है कि शव शिकागो के ओहारे एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले बोइंग 787-10 विमान में मिला है. साथ ही यह शव उस डिब्बे में था जिसमें विमान का लैंडिंग गियर रखा हुआ था, जब यूनाइटेड फ्लाइट 202 शिकागो ओहारे इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भर रही थी. दपुलिस विभाग मृत व्यक्ति के बारे में जांच पड़ताल कर रहा है।

भारत, चीन के बीच समझौते को 'व्यापक और प्रभावी ढंग से' लागू किया जा रहा है : चीन सेना

बीजिंग , एजेंसी। चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि चीन और भारत की सेनाएं पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए हुए समझौते को ''व्यापक और प्रभावी रूप से'' लागू कर रही हैं और इसमें ''निरंतर प्रगति'' हुई है. चीन के रक्षा प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग ने यहां प्रेस वार्ता के दौरान 18 दिसंबर की विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की. उन्होंने कहा, ''वर्तमान में, चीन और भारत की सेनाएं दोनों पक्षों के बीच सीमा संबंधी समझौतों को व्यापक और प्रभावी ढंग से लागू कर रही हैं और इसमें लगातार प्रगति हुई है.'' उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में, दोनों देशों के नेताओं द्वारा बनी आम सहमति के आधार पर, चीन और भारत ने कूटनीतिक और सैन्य तरीकों से सीमा की स्थिति पर निरंतर संपर्क बनाए रखा है और काफी प्रगति हासिल की है. भारत और चीन के बीच 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने यहां मुलाकात की और समझौते के कार्यान्वयन और संबंधों की बहाली पर व्यापक बातचीत की थी. विशेष प्रतिनिधि वार्ता तंत्र को पुनर्जीवित करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अक्टूबर में रूस के कजान में हुई बैठक में लिया गया था. कर्नल झांग ने कहा कि चीन-भारत संबंधों को सही रास्ते पर लाना दोनों देशों के लोगों के हितों को पूरा करने के लिए जरूरी है. उन्होंने कहा, ''चीनी सेना दोनों नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को ईमानदारी से लागू करने, अधिक आदान-प्रदान और संपर्क करने तथा चीन-भारत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थायी शांति और सौहार्द का माहौल कायम किया जा सके.'' पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था और उसके बाद उसी वर्ष जून में गलवान घाटी में घातक झड़प हुई।

मनमोहन सिंह को भारत-अमेरिका को करीब लाने के लिए याद किया जाएगा, अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया. ब्लिंकन ने डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने भारत में आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते सहित संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत को करीब लाने के लिए उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा.

एक बयान में, ब्लिंकन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है. डॉ. सिंह अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे. उन्होंने कहा कि उनके काम ने पिछले दो दशकों में हमारे देशों द्वारा मिलकर हासिल की गई अधिकांश उपलब्धियों की नींव रखी. अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व ने अमेरिका-भारत संबंधों की क्षमता में एक बड़े निवेश का संकेत दिया. घर पर, डॉ. सिंह को उनके आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा।

बांग्लादेश के सचिवालय में लगी भीषण आग, सरकारी दस्तावेज जलकर खाक

ढाका , एजेंसी। ढाका में बांग्लादेश सचिवालय की एक प्रमुख इमारत में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गई, जिससे सरकारी दस्तावेज नष्ट हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों को आशंका है कि सरकारी दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से ही घटना को अंजाम दिया गया और इस संबंध में एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है। बांग्लादेश सचिवालय की इमारत संख्या सात में आग लगी और करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, नौ मंजिला इमारत में सात मंत्रालय मौजूद हैं। उच्च सुरक्षा वाले परिसर में बृहस्पतिवार सुबह आग लगी। हालांकि, आग की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन सेवा के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जाहेद कमाल ने संवाददाताओं को बताया, ''कल (बुधवार) आधी रात के बाद इमारत में तीन स्थानों पर एक साथ आग लग गई। उन्होंने संकेत दिया कि आग संभवत- दुर्घटनावश नहीं लगी। अधिकारियों ने बताया कि आग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे इमारत के अलावा अन्य मंत्रालयों को भी अपना सामान्य कामकाज रोकना पड़ा जबकि सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया, जिससे कई कर्मचारी परिसर में प्रवेश नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि इमारत संख्या सात की छठी, सातवीं और आठवीं मंजिल पर स्थित अधिकांश कमरे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि स्थानीय प्रशासन, डाक एवं दूरसंचार मंत्रालयों के दस्तावेज और फर्नीचर जल गए। एक अधिकारी ने इमारत का दौरा करने के बाद बताया, ''आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किए गए पानी से कई दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचा।

इमारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले कबूतर मरे हुए पाये गए और खिड़कियां टूटी हुई थीं। अंतरिम सरकार के सलाहकार आसिफ महमूद सजीब भुइयां ने कहा, ''षड्यंत्रकारियों ने अपनी गतिविधियां बंद नहीं की हैं। उन्होंने कहा कि जिन दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है, उनमें अपदस्थ आवामी लीग शासन के दौरान हुए लाखों डॉलर के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले कागजात और सबूत शामिल हैं। भुइयां ने कहा, ''अगर कोई भी हमें (भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में) विफल करने में संलिप्त पाया गया तो उसे (दंडात्मक कार्रवाई से) बचने का जरा सा भी मौका नहीं दिया जाएगा। इस बीच, अधिकारियों ने वरिष्ठ नौकरशाहों, अग्निशमन सेवा और पुलिस अधिकारियों वाली सात सदस्यीय समिति का गठन किया। अतिरिक्त सचिव (जिला और क्षेत्रीय प्रशासन) मोहम्मद खालिद रहीम की अध्यक्षता वाली समिति को सात कार्य दिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है।

जंगल की आग को और भड़का रही है तेज हवाएं

सिडनी , एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में में लगी जंगल की आग को बुझाने में फायर फाइटर्स को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा रहा है। विक्टोरिया के आपातकालीन प्रबंधन आयुक्त रिक नुगेंट ने कहा कि गुरुवार को फायर फाइटर्स को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, विक्टोरिया राज्य में आग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था। दरअसल गर्मी और तेज हवाओं के कारण जंगलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया था। नुगेंट ने पत्रकारों से कहा कि तेज उत्तरी हवाएं विक्टोरिया के दक्षिण में स्थित ग्रैम्पियंस नेशनल पार्क में लगी आग को और भड़का रही हैं। अधिकारी ने कहा, इसके बाद हवा की दिशा बदलकर दक्षिण-पश्चिम की ओर हो जाएगी, जिससे मौजूदा आग को बुझाने वाले अग्निशामकों के लिए समस्याएं और बढ़ जाएंगी। ग्रैम्पियंस नेशनल पार्क की आग ने पहले ही करीब 55,000 हेक्टेयर भूमि को जलाकर पर्यावरण, पशुधन और बाहरी इमारतों को काफी नुकसान पहुंचाया है। नुगेंट ने कहा, हमें अब तक आवासीय घरों के नुकसान की

कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन ग्रैम्पियंस में कई लोग रहते हैं, इसलिए अगर कोई घर नष्ट होता है, तो मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं होगी। विक्टोरिया के राज्य नियंत्रण केंद्र के ल्यूक हेगर्टी ने कहा कि ग्रैम्पियंस में हालात जल्दी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने अनुमान लगाया था, आज दोपहर में आग और भड़की। हवा की दिशा बदलने से आग के कुछ हिस्सों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हेगर्टी ने आगे कहा, आज सुबह और दोपहर को हमने उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण आग को दक्षिण-पूर्व की ओर फैलते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि दोपहर की हवाओं ने पेड़ गिरा दिए, जिससे उस क्षेत्र से बाहर जाने की कोशिश कर रहे लोगों परेशानी हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को, अधिकारियों ने बताया कि विक्टोरिया में संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबरें आई थीं, क्योंकि अत्यधिक गर्मी और तूफान की स्थिति ने खासतौर पर राज्य के पश्चिमी हिस्से में झाड़ियों में आग लगा दी थी। विक्टोरिया की प्रमुख जैकिंटा एलन ने राज्य नियंत्रण केंद्र में कहा, अब हमें दुख के साथ संपत्ति के नुकसान की खबरें मिल रही हैं, जो आग की सक्रिय स्थिति और इलाके की कठिनाई को देखते हुए आ रही हैं। गुरुवार को बेयिनडीन रॉकी रोड पर लगी झाड़ियों की आग बेकाबू हो गई।

दक्षिण कोरिया में कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का बड़ा कदम, महाभियोग प्रस्ताव दायर

सियोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने दिसंबर में अपने अल्पकालिक मार्शल लॉ डिक्री से उत्पन्न महाभियोग के राष्ट्रपति यूं सुक येओल के खिलाफ विद्रोह के आरोपों की अदालत की समीक्षा से पहले संवैधानिक न्यायालय की तीन रिक्तियों को भरने में उनकी अनिच्छा पर देश के कार्यवाहक नेता पर महाभियोग चलाने के लिए गुरुवार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उदारवादी विपक्ष और यूं की रूढ़िवादी पार्टी के बीच बढ़ते विवाद के बीच अदालती नियुक्तियाँ रुकी हुई हैं, और प्रधान मंत्री हान डक-सू के संभावित महाभियोग से राजनीतिक पक्षाघात गहरा हो सकता है जिसने उच्च-स्तरीय कूटनीति को रोक दिया है और वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है।

विपक्ष-नियंत्रित नेशनल असेंबली ने भी तीन संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव पारित किया क्योंकि अदालत यून को बर्खास्त करने या बहाल करने पर विचार-विमर्श शुरू करने की तैयारी कर रही है। वोट तब आया जब हान ने एक टेलीविज़न बयान में दोहराया कि वह द्विदलीय सहमति के बिना न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करेंगे। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वू वोन शिक ने हान से न्यायाधीशों की शीघ्र नियुक्ति करने का आग्रह करते हुए कहा कि द्विदलीय सहमति के लिए उनका आह्वान अनिवार्य रूप से इनकार के समान है और संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों को चुनने के नेशनल

असेंबली के अधिकार का उल्लंघन है।

यून की पीपुल्स पावर पार्टी, जिसके अधिकांश सदस्यों ने नेशनल असेंबली वोट का बहिष्कार किया, ने तर्क दिया कि हान को प्रस्तावित न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति के अधिकार का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जबकि यून को अभी तक औपचारिक रूप से पद से हटाया नहीं गया है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने रूढ़िवादियों पर यून के राष्ट्रपति पद को बचाने के लिए अदालती प्रक्रिया को कमजोर करने का आरोप लगाया है, और हान पर महाभियोग चलाने का उसका प्रस्ताव शुक्रवार की शुरुआत में फ्लोर वोट पर जा सकता है। डेमोक्रेट्स के फ्लोर लीडर पार्क चान-डे ने कहा कि हान की टिप्पणियों से पता चलता है कि उनके पास कार्यवाहक नेता के रूप में सेवा करने की योग्यता और संविधान को बनाए रखने की इच्छाशक्ति दोनों का अभाव है।

यमन एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले थे डब्ल्यूएचओ चीफ, तभी बम बरसाने लगा इजरायल; बाल-बाल बचे

साना , एजेंसी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के अन्य कर्मचारी गुरुवार को यमन के सना स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए थे। इस दौरान इजरायल एयरस्ट्राइक कर रहा था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने खुद इसका खुलासा किया है। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि वह और उनके कर्मचारी विमान में सवार होने ही वाले थे कि तभी हवाई अड्डे पर हवाई बमबारी होने लगी। उन्होंने लिखा, हमारे विमान के चालक दल के एक सदस्य घायल हो गए। हवाई अड्डे पर दो लोग मारे गए।

हमलों में पावर स्टेशनों और बंदरगाहों को भी निशाना बनाया गया। कम से कम तीन लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। इजरायल द्वारा हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद हूती विद्रोही समूह ने इन हमलों को क्रूर करार दिया। हलांकि इस घटना में मारे गए लोग नागरिक थे या हूती विद्रोही, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उनके विमान ने हूती आतंकवादी शासन के सैन्य ठिकानों पर खुफिया रिपोर्ट के आधार पर हमले किए हैं। इनमें साना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, हेजियाज और रास कनातिब पावर स्टेशनों और पश्चिमी तट के अल-हुदायदाह, सालीफ और रास कनातिब बंदरगाहों पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों के बाद कहा, हम ईरानी आतंकवादी धारा को तब तक खत्म करते रहेंगे जब तक हम काम पूरा नहीं कर लेते। वहीं, हूती के प्रमुख मोहम्मद अली अल-हूती ने इन

हमलों को क्रूर और आक्रामक बताया और कहा कि अमेरिकी और इजरायली अहंकार के साथ संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक गाजा संघर्ष समाप्त नहीं हो जाता। साना हवाई अड्डे पर हमले में घायल हुए कई लोगों ने अल-मसीरा चैनल को बताया कि रनवे पर तीन बार हमले किए गए। उसके बाद हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर को भी निशाना बनाया गया। एक व्यक्ति ने कहा कि अस्पताल में 10 मरीजों का इलाज किया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। एक गंभीर स्थिति में था और बाकी को मामूली चोटें या हड्डी टूटने की समस्या थी। आपको बता दें कि हूती विद्रोही अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत से ही इजरायल पर हमले कर रहे हैं। पिछले सप्ताह एक हूती मिसाइल हमले में इजरायल में दर्जनों लोग घायल हुए थे। इसके जवाब में इजरायल ने हूतियों पर हमले किए हैं। इस सप्ताह के शुरू में इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि देश हूतियों के खिलाफ कड़ा प्रहार करने के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि वे समूह के नेतृत्व का सिर कलम करेंगे।

खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तालिबान से भिड़ गई सेना, 13 आतंकी ढेर; 1 मेजर की भी मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी। तालिबान से टेंशन के बीच पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार देश के भीतर विद्रोहियों और आतंक की फौज का सामना कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे अशांत खैबर पख्तूनख्वा जिले में तीन अलग-अलग गोलीबारी में उसने 13 आतंकवादी मार गिराया। पाकिस्तान का आतंकियों पर यह ऐक्शन तब हुआ है जब दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी। पाक ने कहा था कि उसका निशाना टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान) था, लेकिन तालिबान ने जानकारी दी कि हमले में 46 लोग मारे गए।

2024 में विदेशी निवेशकों ने कम किया निवेश, अगले साल सुधार की उम्मीद

मुंबई।

भारतीय शेयर बाजारों में 2023 में मजबूत निवेश के बाद विदेशी निवेशकों ने 2024 में निवेश कम कर दिया। इस साल शुद्ध प्रवाह पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा रहा। उच्च घरेलू मूल्यांकन और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ज्यादा सतर्क रुख अपनाना इसकी मुख्य वजह रही। एक शोध प्रमुख ने कहा कि 2025 में भारतीय शेयर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह में सुधार आ सकता है। इसे कॉर्पोरेट आय में चक्रीय उछाल से समर्थन मिलेगा खासकर पूंजीगत वस्तुओं, विनिर्माण व बुनियादी ढांचे जैसे घरेलू-उन्मुख क्षेत्रों में।

डिपॉजिटरीज के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक अब तक विदेशी एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 5,052 करोड़ रुपए से ज्यादा और ऋण बाजार में 1.12 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले 2023 में शेयर बाजार में 1.71 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया गया था, जो भारत के जुझारू आर्थिक बुनियादी ढांचे के बारे में आशा की किरण रहा। इसके विपरीत 2022 में वैश्विक केंद्रीय बैंकों की आक्रामक दर वृद्धि के कारण 1.21 लाख करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा शुद्ध बिकवाली दर्ज की गई थी।

वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद भारत में इस साल जनवरी से अब तक औसतन मासिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 4.5 अरब डॉलर से ज्यादा है। देश की एनडीए सरकार के देश में निवेशक अनुकूल उपायों को बढ़ावा देने से 2025 में यह रुझान बरकरार रहने की उम्मीद है। निवेशक-अनुकूल नीतियां, निवेश पर मजबूत रिटर्न, कुशल कार्यबल, कम अनुपालन बोझ, छोटे उद्योग-संबंधी अपराधों को दूर करना, सुव्यवस्थित अनुमोदन और मंजूरी के लिए राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित करने के लिए प्रमुख उपायों में से हैं।

ई-कॉमर्स कंपनियां बढ़ती मांग को पूरा करने बढ़ा रही श्रमिकों की संख्या

-नई नौकरियां देने में गुरुग्राम और कोयंबटूर देश में बड़ा केंद्र बनकर उभरे

नई दिल्ली।

देश में उपभोक्ता खपत तेजी से बढ़ रही है। बड़े शहरों को छोड़ दें तो देश के बाकी शहरों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) की मांग में तेजी आई है। ऐसे में ई-कॉमर्स कंपनियां क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी क्षमता को बढ़ा रही है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मासिक रिपोर्ट में दावा किया है कि ई-कॉमर्स कंपनियां बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा रही है।

एफएमसीजी व अन्य कंपनियां भी उत्पाद क्षमता को बढ़ाने के लिए लोगों को रोजगार दे रही हैं। 2024 में देशभर में इन कंपनियों द्वारा नौ करोड़ लोगों को अस्थाई और अनुबंध के आधार पर नौकरी दी गई। नई नौकरियां देने के मामले में गुरुग्राम और कोयंबटूर बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। रिपोर्ट कहती हैं कि नौकरी देने की प्रक्रिया में अब भौगोलिक बदलाव दिखाई दे रहा है।

बड़े शहरों को छोड़ गुरुग्राम और कोयंबटूर जैसे शहर रोजगार के केंद्र बन रहे हैं, क्योंकि ई-कॉमर्स कंपनियां अपनी सारी सेवाओं को इन शहरों से संचालित कर रही है।

उपभोक्ता को समय पर डिलीवरी देने अब ई-कॉमर्स कंपनियों ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर काम कर रही है।

देश की जानी-मानी कंपनियां कोयंबटूर और गुरुग्राम जैसे शहरों में अपनी ऑपरेशनल क्षमता को बढ़ा रही हैं।

इससे इन शहरों में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसे आर्थिक विकास की भाषा में गिग अर्थव्यवस्था भी कहा जाता है। रिपोर्ट कहती है कि खपत बढ़ने से नियुक्तियों में सकारात्मक तेजी देखने को मिली है। भारत में अब लॉजिस्टिक, ईवी, ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, एग्रोकेमिकल्स और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा अवसर पैदा हो रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास में उच्च कौशल वाली नौकरियां पैदा हो रही हैं, लेकिन भारत में उच्च कौशल के साथ ही निम्न और मध्यम कौशल श्रेणी में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

आरबीआई की मानना है कि आगामी साल 2025 में देश भर में सेमीकंडक्टर उद्योग और उससे जुड़े अन्य उद्योगों के जरिए देशभर में 80 हजार नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। सरकार द्वारा संचालित सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 1.25 लाख करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जिससे पूरे उद्योग में संगठित और असंगठित क्षेत्र की नौकरियां पैदा होंगी।

रिपोर्ट कहती है कि जीडीपी की गति आने वाले वित्तीय वर्ष में 6.7 फीसदी या उससे थोड़ा ऊपर रहने का अनुमान है, लेकिन तमाम क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होने की बड़ी संभावना है। वहीं, महंगाई दर 3.8 तक रहेगी।

साल 2022 में नीति आयोग ने ई-कॉमर्स कंपनियों से जुड़कर सेवाएं देने वाले गिग वर्करों को लेकर अध्ययन किया था। उसमें कहा गया था कि वर्तमान में गिग वर्क की संख्या देश में 77 लाख है, जो 2029-30 तक 2.35 करोड़ हो जाएगी, लेकिन अब आंकड़ों से पता चलता है कि यह संख्या कहीं तेजी से बढ़ रही है। अगर एक साल में नौ करोड़ वर्कर जुड़ रहे हैं तो अगले पांच साल में यह संख्या तेजी से बढ़ेगी।

लावा ने भारत में नया स्मार्टफोन लॉन्च किया

- कीमत 10000 रुपये से कम

नई दिल्ली।

लावा ने भारत में युवा सीरीज का नया स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। लावा युवा 2 5जी में 50एमपी डुअल रियर कैमरा सेटअप है। इसमें यू निसोक टी 760 चिपसेट, 5000 एमएएच बैटरी और 6.67 इंच एचडी स्क्रीन है। लावा युवा 2 5जी स्मार्टफोन के 4 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट की कीमत 9,499 रुपये है। फोन रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। मार्बल ब्लैक और मार्बल व्हाइट कलर वेरिएंट्स उपलब्ध हैं। इसमें एक साल की वारंटी और डोरसटेप सर्विस फ्री ऑफर भी है। लावा युवा 2 5जी में 4 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज है। फोन ऐंड्रॉयड 14 ओएस के साथ आता है। 50 एमपी एआई प्राइमरी रियर कैमरा और 8 मेगापिक्सल फ्रंट सेंसर दिए गए हैं। फिंगरप्रिंट सेंसर भी है। लावा युवा 2 5जी फोन ऑनलाइन और रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। इसकी बिक्री शुरुआत के दौरान फोन की डिमांड में इजाफा हो सकता है। यह फोन युवा जनेशन को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है और यह उनकी कमजोरियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

छोटे शहरों में बढ़ गए आर्थिक अवसर, बड़े शहरों की ओर जाने की गति हुई धीमी

नई दिल्ली।

भारत में प्रवासियों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया है। नई रिपोर्ट में कहा है कि देश में प्रवास की गति धीमी हो रही है और देश में प्रवासियों की कुल संख्या में 2011 की जनगणना की तुलना में 11.78 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक छोटे शहरों में बेहतर आर्थिक अवसरों की वजह से भारत में माइग्रेशन की गति धीमा हो रही है। पेपर में लिखा है, हम परिकल्पना करते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी जैसी बेहतर सेवाओं की मौजूदगी या उसके आस-पास बेहतर आर्थिक अवसरों की वजह से यह गति धीमी हुई है।

काउंसिल के मुताबिक जहां जनगणना 2011 में प्रवासियों की कुल संख्या 45.57 करोड़ थी, वहीं 2023 तक देश में प्रवासियों की कुल संख्या 40.20 करोड़ होने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि जनगणना 2011 के अनुसार प्रवास की दर जो 37.64 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 28.88 प्रतिशत हो गई है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद यानी इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल टू प्राइम मिनिस्टर ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट को पीएम आर्थिक सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष बिबेक देबरॉय और फिलहाल इस परिषद में निदेशक के रूप में तैनात आईआरएस अधिकारी देवी प्रसाद मिश्रा ने मिलकर तैयार किया है। उनके मुताबिक यह रिपोर्ट इंटरनल माइग्रेशन खास तौर पर ब्लू कॉलर माइग्रेशन का विश्लेषण करने के लिए आंकड़े इकट्ठा करने की एक कोशिश है। प्रवासियों को आकर्षित करने वाले टॉप पांच राज्यों की संरचना भी बदल गई है। इस लिस्ट में पश्चिम बंगाल और राजस्थान ने जगह बनाई है। वहीं आंध्र प्रदेश और बिहार एक पायदान नीचे पहुंच गए हैं। इस टॉप-5 की लिस्ट में यूपी, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश भी शामिल हैं। महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ऐसे राज्य हैं जहां कुल प्रवासियों के हिस्से का प्रतिशत कम हो गया है।

जेएसडब्लू ने रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में किया बड़ा अधिग्रहण

- 12468 करोड़ में सौदा पक्का

नई दिल्ली । जेएसडब्लू एनर्जी लिमिटेड ने स्वीडन और सिंगापुर की संयुक्त उद्यम वाली एक बड़ी कंपनी का कब्जा करने के लिए 12,468 करोड़ रुपये की डील फाइनल की है। इस डील के बाद ओटू पावर जेएसडब्लू एनर्जी की हो जाएगी, जो भारत के सात राज्यों में सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट का संचालन कर रही है। ओटू पावर एक बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी है जो 4,696 मेगावाट की परियोजना का संचालन करती है और जून 2025 से इसके उत्पादन को शुरू किया जाएगा। सब्सिडियरी कंपनी जेएसडब्लू नियो एनर्जी लिमिटेड ने ओटू पावर के साथ एक एग्रीमेंट पर साइन किया है। यह अधिग्रहण कंपनी के लिए सबसे बड़ा माना जा रहा है और इससे भारतीय रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में मजबूती आएगी। प्रक्रिया में बाकी औपचारिकताएं पूरी हो रही हैं और कंपीटिशन कमीशन ऑफ इंडिया की मंजूरी के लिए आवेदन किया गया है। जेएसडब्लू एनर्जी की ओर से ओटू पावर के अधिग्रहण के लिए एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं, बाकी औपचारिकताओं को पूरी करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

डॉलर के मुकाबले कमजोर होता रुपया.....कैसे आपकी जेब पर डालेगा असर

नई दिल्ली । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर होता जा रहा है। शुक्रवार को रुपया और कमजोर होकर सबसे निचले स्तर पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे की गिरावट के साथ रुपया 85.50 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। आंकड़ों से साफ तौर पर पता चलता है कि देश में इंपोर्टेड सामानों का इस्तेमाल बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा उछाल सोने में देखने को मिला है। यह इस साल नवंबर के महीने में 50 फीसदी से बढ़कर 49.08 अरब डॉलर पहुंच गया है। भारत सरकार ने जैसे ही कस्टम ड्यूटी 15 से घटाकर 6 प्रतिशत कर दी। इसके बाद सोने के आयात में काफी तेजी देखने को मिली है। रुपये में गिरावट के कारण इकोनॉमी पर भी काफी दवाब बढ़ रहा है। जैसे-जैसे रुपये में गिरावट आ रही है, वैसे-वैसे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की टेंशन बढ़ सकती है। रुपये को और ज्यादा लुढ़कने से रोकने के लिए आरबीआई को पिछले कुछ महीनों के दौरान करेंसी बाजार में बार-बार दखल देनी पड़ी है। इस वजह से विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से गिरावट दिखाई दी है। 4 अक्टूबर से 6 दिसंबर 2024 के बीच, आरबीआई का विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर से घटकर 654.857 अरब डॉलर ही रह गया। उदाहरण के तौर पर 100 डॉलर कीमत वाले किसी उत्पाद के आयात के लिए अगर एक साल पहले 8300 रुपये देने पड़ते, अब 8,500 रुपये चुकाना होगा। डॉलर महंगा होने का सीधा असर आयात होने वाले कच्चे तेल पर भी पड़ता है। अगर इसके कारण तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है, तब परिवहन की लागत भी काफी बढ़ती है और बाकी चीजें महंगी होने के भी आसार होते हैं।

बजट में मिडिल क्लास को मिल सकती है बड़ी राहत

- 15 लाख रुपए तक की इनकम वाले व्यक्तियों को मिल सकता है लाभ

नई दिल्ली । केंद्र सरकार आगामी बजट में मिडिल क्लास को राहत देने के लिए इनकम टैक्स दरों में कटौती करने की योजना बना रही है। हालांकि, टैक्स छूट किस सीमा तक दिया जाएगा इसका निर्धारण अभी नहीं हुआ है। इस पर आखिरी फैसला 1 फरवरी 2025 को बजट पेश किए जाने से पहले लिया जाएगा। अनुमान लगाए जा रहे हैं कि मिडिल क्लास को राहत देने के लिए केंद्र सरकार आगामी बजट 2025-26 में 15 लाख रुपए तक की इनकम वाले व्यक्तियों के लिए इनकम टैक्स में कटौती कर सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के इस कदम का मकसद धीमी विकास दर के बीच अर्थव्यवस्था में कंजम्पशन को बढ़ावा देना है। देश के कई बड़े जानकारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नागरिकों पर आर्थिक बोझ को कम करने के लिए इनकम टैक्स के रेट्स में कटौती करने भी आग्रह किया है। पीएम मोदी ने नीति आयोग की एक बैठक में इकोनॉमिस्ट्स और क्षेत्रीय एक्सपर्ट्स से मुलाकात कर आगामी बजट के लिए उनके विचार और सुझाव सुने। बैठक में इकोनॉमिस्ट्स और क्षेत्रीय एक्सपर्ट्स ने कथित तौर पर सरकार को आगामी बजट में इनकम टैक्स में कटौती, कस्टम ड्यूटी को रेशनलाइज करने और निर्यात को समर्थन देने के उपायों को शामिल करने का सुझाव दिया है।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

मुंबई ।

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखने को मिला। बुधवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे, जिसकी वजह से शेयर बाजार में सप्ताह में केवल चार दिन ही कारोबार हुआ। वहीं वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली को नजरअंदाज करते हुए डीआईआई की खरीदारी ने बाजार में जोश भरने का काम किया जिससे शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 628.34 अंक उछलकर 78,669.93 पर खुला और 498.58 अंकों की बढ़त के साथ 78,540.17 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 219 अंक बढ़कर 23,806.50 पर खुला और 165.95 अंक बढ़कर 23,753.45 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन भी तेजी देखी गई। पिछले हफ्ते की भारी गिरावट से उबरते हुए लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी बाजार हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 192.03 अंक चढ़कर 78,732.20 पर खुला और 67.30 अंक गिरकर 78,472.87 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 44.65 अंक चढ़कर 23,798.10 पर खुला और 25.80 अंक गिरकर 23,727.65 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में हासिल हुई बढ़त दिन चढ़ने के साथ गंवा बैठे। इस दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर हावी हो गया। सेंसेक्स 8.74 अंक टूटकर 78,465.86 पर खुला और अंक गिरकर 78,472.48 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 2.11 अंक फिसलकर 23,725.55 पर खुला और 22.55 अंक की बढ़त के साथ 23,750.20 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को एक बार फिर हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 311.48 अंक चढ़कर 78,783.96 पर खुला और 226.59 अंक चढ़कर 78,699.07 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 98.1 अंक चढ़कर 23,848.30 पर खुला और 63.20 अंक बढ़कर 23,813.40 अंक पर बंद हुआ।

मैक्स एस्टेट्स ने नोएडा में 67 लग्जरी फ्लैट 845 करोड़ में बेचे

कंपनी ने बेची गई इकाइयों की संख्या और फ्लैट की कीमतों का खुलासा नहीं किया

नई दिल्ली । रियल्टी फर्म मैक्स एस्टेट्स लिमिटेड ने मांग में तेजी के दौरान नोएडा की अपनी परियोजना में 67 लग्जरी आवासीय इकाइयां 845 करोड़ रुपये में बेचीं। मैक्स एस्टेट्स ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी मैक्स एस्टेट्स 128 प्राइवेट लिमिटेड ने नोएडा में अपनी आवासीय परियोजना 'एस्टेट 128' के दूसरे चरण की शुरुआत की है। इस चरण की पेशकश के एक सप्ताह के भीतर ही 845 करोड़ रुपये का बिक्री-पूर्व बुकिंग मूल्य प्राप्त हुआ है। हालांकि कंपनी ने 845 करोड़ रुपये में बेची गई इकाइयों की संख्या और फ्लैट की कीमतों का खुलासा नहीं किया। मैक्स एस्टेट्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि इस परियोजना के दूसरे चरण को बाजार से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

ट्रांसरेल लाइटिंग के शेयर में 28 फीसदी से अधिक तेजी

- बीएसई में शेयर निर्गम मूल्य से 35.45 प्रतिशत उछलकर 585.15 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ

नई दिल्ली । ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड का शेयर शुक्रवार को कारोबार के पहले दिन 432 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 28 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर निर्गम मूल्य से 35.45 प्रतिशत उछलकर 585.15 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के दौरान यह 39.81 प्रतिशत बढ़कर 604 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 28.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 553.30 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में कंपनी का शेयर 36.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 590 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में यह 28.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 553.55 रुपये पर बंद हुआ। इसके साथ कंपनी का बाजार मूल्यांकन 7,428.39 करोड़ रुपये रहा। ट्रांसरेल लाइटिंग के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को शेयर बिक्री के अंतिम दिन 80.80 गुना अभिदान मिला था।

इरडा की रिपोर्ट, 11 प्रतिशत को बीमा कंपनियों ने रद्द कर दिया

मुंबई । भारत में 2023-24 के दौरान सभी स्वास्थ्य बीमा दावों में से 11 प्रतिशत को बीमा कंपनियों ने रद्द कर दिया, जबकि मार्च 2024 तक 6 प्रतिशत दावे अभी भी लंबित थे, यह जानकारी भारतीय बीमा नियामक प्राधिकरण (इरडा) की ताजा रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस वर्ष स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम उच्च बने रहने की संभावना है। इरडा द्वारा जारी रिपोर्ट में पूरे बीमा उद्योग का एक व्यापक चित्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें जीवन और सामान्य बीमा दोनों शामिल हैं। भारत में बीमा पैठ 2023-24 में लगातार दूसरे साल घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह 4 प्रतिशत थी और 2021-22 में कोविड महामारी के कारण 4.2 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। यह गिरावट वैश्विक प्रवृत्ति के विपरीत है। रिपोर्ट में बताया गया कि सामान्य बीमा में स्वास्थ्य बीमा का वैश्विक प्रीमियम में लगभग आधा हिस्सा है। इसी प्रवृत्ति को देखते हुए, आईआरडीएआई का अनुमान है कि 2024 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में 3 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि हो सकती है।

बीमा नियामक का कहना है कि वेतन और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों में सीपीआई मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होने के कारण, स्वास्थ्य बीमा की कीमतें उच्च रह सकती हैं। प्रीमियम की कीमतें महत्वपूर्ण हैं क्योंकि कुल स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में से केवल 10 प्रतिशत व्यक्तिगत रूप से खरीदी गई हैं।

क्लेम-सेटलमेंट रेट

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल दावों का लगभग 83 प्रतिशत निपटाया। कंपनियों ने 11 प्रतिशत दावे रद्द किए, जबकि मार्च 31, 2024 तक 6 प्रतिशत दावे निपटान के लिए लंबित थे। विशेषज्ञों का कहना है कि पॉलिसी खरीदते समय अपूर्ण या गलत जानकारी का खुलासा, चाहे जानबूझकर हो या अनजाने में, दावों के रद्द होने में योगदान करता है।

दावे का औसत भुगतान

2023-24 में प्रति दावे का औसत भुगतान 31,000 रुपए से थोड़ा अधिक था। पिछले वित्तीय वर्ष में, बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान किया और कुल 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय ने गैर-जीवन बीमा में कुल प्रीमियम का 40.29 प्रतिशत योगदान दिया, जो 2022-23 में 38.02 प्रतिशत था।

डीजीसीए ने अकासा एयर के दो शीर्ष अधिकारियों को किया निलंबित

ऑडिट रिपोर्ट में उल्लंघन करने के आरोप में की गई कार्रवाई

नई दिल्ली । नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने ऑडिट रिपोर्ट में उल्लंघन के बाद अकासा एयर के निदेशक प्रशिक्षण और निदेशक संचालन को 6-6 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले में अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि हम डीजीसीए के साथ काम करना जारी रखेंगे और उसके अनुसार अनुपालन करेंगे। डीजीसीए ने हाल ही में जारी किए गए अपने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारी, जिसमें राकेश झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी है, नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं। आकासा एयर के संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को निलंबित करने का आदेश तब दिया गया जब डीजीसीए ने उन्हें क्रमशः 15 और 30 अक्टूबर को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के जवाबों को असंतोषजनक पाया। डीजीसीए ने अपने आदेशों में एयरलाइन को दोनों पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को नामित करने की सलाह भी दी। डीजीसीए ने निलंबन आदेश जारी करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर, 2024 को मेसर्स एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई में डीजीसीए की तरफ से किए गए विनियामक ऑडिट में पाया गया है कि आरएनपी प्रशिक्षण ऐसे सिमुलेटर पर आयोजित किया जा रहा है जो इसके लिए योग्य नहीं हैं।

नितीश के शानदार शतक से भारतीय टीम ने पहली पारी में 358 रन बनाकर शानदार वापसी की

–सुंदर के साथ हुई शतकीय साझेदारी

वड़ोदरा (एजेंसी)। मेलबर्न (ईएमएस)। नितीश कुमार रेड्डी के शानदार शतक नाबाद 105 और वाशिंगटन सुंदर 50 के अर्धशतक की सहायता से भारतीय टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 358 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम अभी भी पहली पारी के आधार पर मेजबान ऑस्ट्रेलिया से 116 रनों से पीछे है। तीसरे सत्र के बाद खराब रोश्नी और बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया। ऐसे में खेल समाप्त होने की घोषणा कर दी गयी। उस समय नितीश 105 और मोहम्मद सिराज 2 रनों पर खेल रहे थे। नीतीश ने 176 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्का लगाकर शतक लगाया। उनकी वाशिंगटन सुंदर के साथ की हुई 127 रनों की साझेदारी के बल पर भारतीय टीम ने मैच में जबरदस्त वापसी की। इस प्रकार भारतीय टीम ने न केवल फॉलोआन बचाया बल्कि ऑस्ट्रेलिया को करारा जवाब भी दिया। तीसरे दिन के खेल का आकर्षण नितीश और सुंदर के बीच हुई शतकीय साझेदारी रही जिसने मेजबान टीम की सभी चालों को विफल कर दिया। वहीं इससे पहले दूसरे दिन के पांच विकेट पर 164 रनों से आगे खेलते हुए ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा अधिक देर नहीं टिक पाये ऋषभ 28 और रविन्द्र जडेजा 17 पर आउट हुए। इसके बाद नितीश ओर सुंदर ने मोर्चा संभालते हुए मेजबान टीम के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की नितीश के आगे मेजबान टीम की एक न चली।

इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाये थे। जिसके जबाब में भारत की आधी टीम 164 पर ही पेवेलियन लौट गयी थी। ऐसे में उसपर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा था पर नीतीश व सुंदर ने अपनी साझेदारी से उसे टाल दिया। इस मैच में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 3 रनों पर ही आउट हो गये। इसके अलावा केएल राहुल भी 24 रन बना पाए थे। यशस्वी जायसवाल ने 86 रनों की पारी खेली और विराट कोहली के साथ 102 रनों की साझेदारी की। विराट के 36 रनों पर आउट होने के बाद भारतीय टीम ने दो विकेट छह रनों के अंतराल पर ही खो दिये जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ी गयीं।

वहीं दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल की 82 रनों की शानदार पारी की सहायता से भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 164 रन बनाये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऋषभ पंत 6 और रविन्द्र जडेजा 4 रनों पर खेल रहे थे। वही इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए । दूसरे दिन के खेल में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही। बल्लेबाजी के दौरान जहां स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं इसके बाद उसके गेंदबाजों ने आधी भारतीय टीम को पेवेलिन भेज दिया।

अंतिम सत्र में मेजबान टीम हावी हो गयी। 474 रनों का पीछ करते हुए एक समय भारतीय टीम ने दो विकेट पर 153 रन बनाये थे। इसके

बाद छह रनों के अंददर ही भारतीय टीम ने तीन और विकेट खो दिए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बदकिस्मती से रन आउट हो गये। यशस्वी ने कोहली के साथ 102 रन की साझेदारी की। यशस्वी के रन आउट होते ही भारतीय टीम दबाव में आ गयी। यशस्वी 82 रन बना सके जबकि विराट कोहली ने 36 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे आकाश दीप भी शून्य पर ही आउट हो गये। भारतीय पारी की शुरुआत बेहद खराब रही और कप्तान रोहित शर्मा तीन रन और केएल राहुल 24 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए।

गावस्कर और शास्त्री ने नितीश को भविष्य का सितारा बताया

मेलबर्न (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान क्रिकेटर सुनील गावस्कर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भविष्य का सितारा है। नीतीश ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शतकीय पारी से इन दिग्गजों को बेहद प्रभावित किया है। गावस्कर ने कहा कि वह भारतीय क्रिकेट के अगले सिताते हैं। यह पहला टेस्ट शतक है और वह निकट भविष्य में और भी शतक बनाने जा रहा है। मैं भविष्य में उसे रनों को बनाते हुए देखने की उम्मीद कर रहा हूं। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि अगर वह खुद के प्रति सच्चा रहे तो काफी आगे जाएगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, उन्हें यहां तक पहुंचेन के अपने पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के बलिदान को याद रखना होगा। नितीश यहां भारतीय क्रिकेट के कारण हैं और उन्हें यह पक्का करना होगा कि वह भारतीय क्रिकेट को हल्के में न लें। अगर वह खुद के प्रति सच्चा रहता है, तो एक सफल करियर उसकी राह देख रहा है।

इस युवा ने अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये हैं। पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की है, यह आखिरी बार है जब वह 7वें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। टीम का संतुलन बनाने के लिए, आपको उसे पांचवें या छठे क्रम पर उतारना चाहिये। उन्होंने कहा कि वह शीर्ष 6 में बल्लेबाजी करने में पूरी तरह सक्षम हैं क्योंकि वह खेल का पूरा संतुलन बदल देता है।

साल 2024 : पृथ्वी रहे सबके निशाने पर

मुम्बई (एजेंसी)। युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपने खराब फार्म और फिटनेस के कारण आलोचना का केन्द्र बने हैं। पृथ्वी को कई दिग्गजों ने फार्म हासिल करने अनुशासन में रहने के साथ ही फिटनेस पर ध्यान देने को कहा है। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्हें अपने प्रदर्शन पर शर्म आनी चाहिये। कैफ के अनुसार लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ही पृथ्वी को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। एक भी फ्रैंचाइज ने उनपर बोली नहीं लगायी। पृथ्वी ने नीलामी के लिए अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपए लगाया था। कैफ का मानना है कि पृथ्वी को अपनी फिटनेस पर काम करते हुए घरेलू क्रिकेट में अधिक से अधिक रन बनाने चाहिये। उन्होंने कहा, फ्रैंचाइजी आगे बढ़ गई हैं और यह उनके लिए बहुत बड़ी शर्म की बात है कि उन्हें 75 लाख रुपए की बोली भी नहीं मिली। उन्हें घरेलू क्रिकेट में वापस लौटना चाहिए और रन बनाने चाहिए। कैफ ने कहा कि इस

युवा बल्लेबाज को इस बात पर शर्मिंदा होना चाहिए कि बोली प्रक्रिया में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। कैफ ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने की उम्मीद के साथ उनका समर्थन किया था। उनमें एक ओवर में 6 चौके लगाने की क्षमता है। पिछले सत्र की बात करें तो हमें लगा था कि अगर वह रन बनाएंगे, तो दिल्ली कैपिटल्स जीत जाएगी। उन्हें अपनी योग्यता साबित करने के लिए बहुत मौके दिए गए। उन्होंने कहा, टीम बैठकों के दौरान, इस बात पर विचार किया कि पृथ्वी को उनकी असफलताओं के कारण अंतिम 11 में रखा जाना चाहिए या नहीं। हमने तय किया कि उन्हें बेंच पर बैठाया जाएगा पर अगले दिन हमने यह सोचकर अपना फैसला बदल दिया कि वह बड़ा प्रदर्शन करेंगे और हमें मैच जिताएंगे पर ऐसा नहीं हुआ।

बेवकूफाना शॉट, क्या जरूरत थी ! ऋषभ पंत को आऊट होता देख गुस्साए गावस्कर

मेलबर्न (एजेंसी)। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 'बेवकूफाना शॉट' खेलने के लिए ऋषभ पंत को आड़े हाथों लिया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारतीय टीम को उस समय साझेदारी की सख्त जरूरत थी लेकिन पंत ने स्कॉट बोलैंड को फाइन लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में डीप थर्डमैन में नाथन लियोन को कैच थमा दिया। गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान कहा कि बेवकूफाना, निहायत ही बेवकूफाना। वहां दो फील्डर खड़े हैं लेकिन उसके बावजूद यह शॉट खेला। पिछले शॉट पर चूकने के बावजूद और डीप थर्ड मैन पर कैच दे दिया। यह तो अपना विकेट गंवाना है।

गावस्कर ने कहा कि और वह भी तब जब टीम इन हालात में है। हालात को भी समझना चाहिए था। आप यह नहीं



कह सकते कि यह आपका स्वाभाविक खेल है। यह आपका स्वाभाविक खेल नहीं है। यह बेवकूफाना शॉट था। आपने टीम को निराश किया है। उन्होंने कहा कि उसे ड्रेसिंग रूम में नहीं जाना चाहिए। उसे दूसरे ड्रेसिंग रूम में जाना चाहिए। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसे जोखिमभरा शॉट बताया। गावस्कर ने 176 गेंद में नाबाद 105 रन बनाने वाले 21 वर्ष के रेड्डी की पारी की तारीफ करते हुए कहा कि नीतिश कुमार रेड्डी का यह शतक भारतीय क्रिकेट के इतिहास में महानतम शतकों में से एक है।

मैच की बात करें तो नीतिश कुमार रेड्डी के नाबाद शतक की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त किए जाने पर 9 विकेट खोकर 358 रन बना लिए। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन से 116 रन पीछे है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर रेड्डी 105 और मोहम्मद सिराज दो रन बनाकर खेल रहे थे। आस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन विकेट लिए। नीतिश ने शतक लगाकर मेलबर्न में विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अब उम्मीद हैं कि वह चौथे दिन टीम इंडिया का स्कोर तेजी से बढ़ाने की कोशिश करेंगे ताकि ऑस्ट्रेलिया के पास कम से कम लीड हो।

विजय हजारे ट्रॉफी : पंजाब ने मुम्बई को हराया

मुंबई । पंजाब ने अर्शदीप सिंह की अच्छी गेंदबाजी के बाद प्रभसिमरन सिंह और कप्तान अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी की सहायता से विजय हजारे ट्रॉफी में मुम्बई को दस विकेट से हरा दिया। इस मैच में पंजाब ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मुम्बई की टीम पंजाब के बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के सामने टिक नहीं पायी और 48.5 ओवर में 148 रन पर ही सिमट गयी। अर्शदीप ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। इसके बाद पंजाब ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को 29 ओवरों में ही 2 विकेट पर 149 रन बनाए हासिल कर लिया।

पंजाब की ओर से लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन सिंह ने 101 गेंदों पर नाबाद 150 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान अभिषेक शर्मा ने भी 54 गेंदों पर 66 रन बनाए। इन दोनों के बीच पहली विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी हुई और पंजाब को 10 विकेट से जीत मिली।

ऑस्ट्रेलिया में आठवें नंबर पर उतरकर शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने नितीश

मेलबर्न । भारतीय टीम के बल्लेबाज नीतीश रेड्डी ने यहां एमएसजी में शतक लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। नीतीश मेलबर्न में टीम इंडिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में आठवें क्रम पर बल्लेबाज करते हुए शतक लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले ये उपलब्धि दिग्गज स्पिनर आर

अश्विन, पूर्व कप्ताहन महेन्द्र सिहं धोनी, पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह और महान ऑलराउंडर कपिल देव ने हासिल की थी। अश्विन ने आठ या आठवें क्रम से निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए चार और धोनी, हरभजन एवं कपिल ने क्रमश दो–दो शतक लगाए थे। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी आठवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह खास उपलब्धि अनिल कुंबले के नाम दर्ज थी। जिन्होंने 2008 में एडिलेड में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 87 रन बनाए थे। वहीं रविन्द जडेजा ने 2019 में सिडनी में 81 रन बनाये थे। नीतीश ने 172 गेंदों में 59.88 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए अपना पहला शतक पूरा किया। उन्होंने नाबाद 105 रन बनाये हैं। इस प्रकार व ऑस्ट्रेलिया में भारत की तरफ से नंबर आठ या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। यही नहीं नीतीश भारत की तरफ से नंबर आठ या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में श्रीलंका को 8 रनों से हराया

माउंट माउंगानुई (एजेंसी)। डेरिल मिचेल के 62 और माइकल ब्रेसवेल 59 के अर्धशतकों की सहायाता से मेजबान न्यूजीलैंड की टीम ने श्रीलंका को पहला टी20 मुकाबला जीतने के साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड की टीम ने इस मैच में पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। इसके बाद खेलते हुए श्रीलंकाई टीम 8 विकेट पर 164 रन ही बना पायी और उसे 8 रनों से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंकाई टीम इस मैच में एक समय जीत की ओर बढ़ रही थी और उसेन 121 रन पर केवल एक विकेट खोया था लेकिन इसके बाद मेजबान टीम के गेंदबाज जैकब डफी ने एक ही ओवर में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की बल्लेबाजी ढ़हा दी। श्रीलंकाई टीम ने दबाव के कारण अंतिम 40 गेंदों में ही 8 विकेट खो दिए।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही टिम रॉबिन्सन 11 और रचिन रवींद्र 8 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद मार्क चैपमैन 15 तो ग्लेन फिलिप्स 8 रन बनाकर आउट हुए। आधी टीम 65 रन पर ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद डेरिल मिचेल ने माइकल ब्रेसवेल के साथ 100 रनों से ज्यादा की साझेदारी कर टीम का स्कोर 172 तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम अच्छी शुरुआत के बाद भी जीत नहीं पायी। श्रीलंका की ओर से पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस

ने अपनी टीम को अच्छी शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए 121 रन जोड़े। निसांका ने 90 जबकि मेंडिस ने 46 रन बनाए। इसके बाद श्रीलंका ने लगातार विकेट खोये जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा।

हॉकी इंडिया लीग में मेंटोर के तौर पर नजर आयेंगी रानी

रोहतक । भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा

रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करुंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। में इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी।

इस कारण पीएसएल में नहीं खेल सकेंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी : ईसीबी

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाड़ी अब पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेल पाएंगे। इसका कारण है कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपनी खिलाड़ियों के इस लीग में आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ईसीबी के अनुसार पीएसएल के समय ही देश में घरेलू सत्र भी चलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की उपलब्धता में आ रही परेशानी को दूसरे करने के लिए ईसीबी ने अपने खिलाड़ियों के उस समय कहीं और खेलने पर रोक लगा दी है। आईपीएल पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होता है। इंग्लैंड ने हाल ही में आईपीएल के अगले तीन सीज के लिए अपने खिलाड़ियों की पूरी

उपलब्धता की पुष्टी की है। खिलाड़ियों को आईपीएल के अलावा पीएसएल और दुनिया की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि ये गर्मियों में घरेलू सत्र के साथ टकराती हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि, ईसीबी खिलाड़ियों को वाइटैलिटी ब्लास्ट और हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देगी। नई नीति के तहत जो खिलाड़ी अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेलते हैं उन्हें भी इंग्लिश घरेलू व्हाइट-बॉल खेलों को मिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के मुख्य अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि हमें अपने खेल और अपनी प्रतियोगिताओं की मजबूती को बनाये रखने की आवश्यकता है।

लवलीना विश्व मुक्केबाजी के एथलीट आयोग में शामिल

नई दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को विश्व मुक्केबाजी संघ की नई एशियाई संस्था के एथलीट आयोग में शामिल किया गया है। । नई एशियाई संस्था में भारत से लवलीना के अलावा अध्यक्ष अजय सिंह सहित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह सहित छह अधिकारियों को शामिल किया गया है। विश्व मुक्केबाजी संघ का मानना है कि एशियाई मुक्केबाजी के भविष्य को बेहतर बनाने में बीएफआई से जुड़े अधिकारी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसी को देखते हुए इन्हें सात अहम समितियों में शामिल किया गया है। सिंह को बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। लवलीना की जिम्मेदारी इसमें एशियाई और वैश्विक मुक्केबाजी में खिलाड़ियों से जुड़े मामलों को

उठाना और उनकी बेहतरी के प्रयास करना रहेगा। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को ओलंपिक आयोग और वित्त एवं लेखा जांच समिति में अहम भूमिका मिली है। एशियाई मुक्केबाजी का निर्माण विश्व मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसका काम ये पक्का करना होगा कि मुक्केबाजी 2028 और उसके बाद भी ओलंपिक खेलों में शामिल रहे।'' एथलीट आयोग में शामिल लवलीन ने पूरे एशिया में एथलीटों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे, अवसरों और सहायता प्रणालियों को बढ़ाये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, ''एशियाई मुक्केबाजी में एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है कि खिलाड़ियों की आवाज सुनी जाए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए।'' उन्होंने कहा, ''मेरा ध्यान पूरे एशिया में बेहतर प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे, निष्पक्ष अवसरों और मजबूत समर्थन प्रणालियों को आगे बढ़ोन पर होगा जो मुक्केबाजों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सशक्त बनाते हैं।''

सुमित नागल ने फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने से किया इनकार, मुकुंद डेविस कप टीम में लौटे

नयी दिल्ली (एजेंसी) । सुमित नागल ने एक बार फिर डेविस कप में देश के लिए खेलने से इनकार कर दिया है और अपनी वापसी के लिए 'अनुचित शर्तें' रखी हैं जबकि शशिकुमार मुकुंद की शुक्रवार को टोगो के खिलाफ मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई क्योंकि एआईटीए कार्यकारी समिति ने उनका निलंबन रद्द कर दिया था।

एटीपी टूर पर संघर्ष कर रहे नागल ने सितंबर में पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ मुकाबले से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जनवरी-फरवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए इस्लामाबाद जाने से भी इनकार कर दिया था और कहा था कि घास के मैदान उनकी खेल शैली के अनुकूल नहीं हैं। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) चयन पैनल ने पांच सदस्यीय टीम चुनी है जिसमें मुकुंद 368वें नंबर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी होंगे।

मुकुंद निलंबित थे और स्वीडन के खिलाफ मुकाबले का हिस्सा नहीं थे। लेकिन गैर-खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी से बात की जिन्होंने फिर 1-2 फरवरी को नयी दिल्ली में होने वाले विश्व ग्रुप क प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध बताया। एक सूत्र ने कहा, ''कप्तान राजपाल ने मुकुंद से बात की जिसके बाद कार्यकारी समिति ने उनका निलंबन रद्द कर दिया इसलिए उन्हें चुना गया। वह अच्छे खिलाड़ी हैं और उन्हें फिर से भारत की जर्सी पहनने का मौका दिया जाना चाहिए।''

राजपाल 2025 सत्र में डेविस कप टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। पता चला है कि उन्होंने नागल को राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने पर लौटने के लिए मनाने की कोशिश की। लेकिन जब खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उस मेल का जवाब नहीं दिया। स्वीडन के मुकाबले में भी चूकने वाले युकी भांबरी ने खुद को प्रतियोगिता के लिए अनुपलब्ध बताया है।

राजपाल ने पीटीआई से कहा, ''मैं सुमित से बेहद निराश हूं जिन्होंने खुद को इस मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं कराया। हमने पिछली बार भी उनकी सभी मांगों पर सहमति जताई थी फिर भी उन्होंने राष्ट्रीय टीम में खेलने से इनकार कर दिया जो अस्वीकार्य है। '' एआईटीए के एक सूत्र ने कहा, ''नागल ने कुछ अनुचित मांगें रखी हैं, जिन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता।''

रामकुमार रामनाथन (रैंकिंग 393) और करण सिंह (473) टीम में दो अन्य एकल खिलाड़ी हैं। भांबरी (48वीं रैंकिंग) की अनुपस्थिति में एन श्रीराम बालाजी (65) युगल टीम का नेतृत्व करेंगे और उनके ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली (72) के साथ जोड़ी बनाने की संभावना है जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। चार खिलाड़ियों आर्यन शाह

(592), मानस धामने, दक्षिणेश्वर सुरेश और युवान नंदल को ट्रेनिंग शिविर में बुलाया जाएगा तथा इनमें से दो रिजर्व खिलाड़ी चुने जाएंगे।

एआईटीए के एक सूत्र ने कहा, ''नागल के आग्रह पर ही इस मुकाबले के लिए धीमा हार्डकोर्ट चुना गया लेकिन अब उन्होंने कहा है कि वे नहीं खेलेंगे। अगर उन्होंने अपना रुख स्पष्ट कर दिया होता तो कप्तान राजपाल इस मुकाबले के लिए ग्रासकोर्ट चुनते।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



क्या फिर साथ काम करेंगे आमिर खान और रणबीर कपूर? इस तस्वीर से तेज हुई अटकलें

इंटरनेट पर कई तरह की अटकलें अक्सर लगाई जाती हैं। वहीं, जब बात बॉलीवुड की होती है, तो ये और भी तेज हो जाती हैं। हाल ही में एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसने नेटिजंस के बीच कयासों के बाजार को गर्म कर दिया है। इसे देखने के बाद लोग उम्मीद जता रहे हैं कि आमिर खान और रणबीर कपूर किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं।

तस्वीर की वजह से तेज हुई चर्चा

इस तस्वीर में रणबीर कपूर मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या यह एक सिर्फ सामान्य मुलाकात थी या फिर दोनों के बीच कोई नए प्रोजेक्ट पर बात चल रही है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे लोग सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आज रणबीर कपूर आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ। लगता है आमिर खान और रणबीर कपूर के बीच कुछ तो पक रहा है। इस तस्वीर पर नेटिजंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, मैं जरूर चाहूंगा कि ये दोनों साथ में आएं। आशा है भविष्य में यह हो। एक अन्य ने लिखा, कुछ तो हो रहा है।

पहले भी साथ आ चुके हैं नजर

आमिर खान और रणबीर कपूर ने इससे पहले फिल्म 'पीके' में साथ काम किया था। रणबीर कपूर ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के आखिरी सीन में विशिष्ट भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। अगर दोनों एक साथ फिर से किसी फिल्म में नजर आते हैं, तो यह निश्चित ही दोनों सितारों के फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होगा।

साउथ में डेब्यू करने के लिए उत्साहित हैं आयरा बंसल

गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं। अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा- द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी। म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है। वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उनकी बहन सोनिया उनसे पहले इंडस्ट्री में इंटर किया और जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो वह उनसे मार्गदर्शन ले सकती हैं।

रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बनते प्रियंका-दिलजीत फिर नहीं बनी फिल्म?

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में एक अलग मुकाम पाने के बाद हॉलीवुड में एक्टिव हैं, वह बेहतरीन हॉलीवुड सीरीज और फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। इसी तरह पंजाबी सिंगर दिलजीत जहां, पंजाबी फिल्मों के अलाव बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं, वहीं अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट दिल लुमिनाटी से देश-दुनिया में अपना अलग नाम बना रहे हैं, उन्हें भी इंटरनेशल मीडिया ने एक ग्लोबल स्टार मान लिया है। कुछ साल पहले यही दोनों कलाकार यानी प्रियंका और दिलजीत एक रोमांटिक फिल्म का हिस्सा बन सकते थे, लेकिन यह फिल्म नहीं बन पाई? इस फिल्म के निर्माता बोनी ने कपूर ने हाल ही में इस पेंडिंग फिल्म से जुड़ी जानकारी दी।

प्रियंका को पसंद आया किरदार

निर्माता बोनी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि प्रियंका चोपड़ा के हॉलीवुड में सेटल होने से पहले एक फिल्म बनाने की प्लानिंग थी, जिसमें वह दिलजीत दोसांझ को लेना चाहते थे। दिलजीत को फिल्म में प्रियंका का लव इंट्रेस्ट बनना था। बोनी बताते हैं कि फिल्म का अपना किरदार प्रियंका चोपड़ा को बहुत पंसद आया था।

नहीं बन पाई फिल्म

बोनी कपूर आगे बताते हैं कि किन्हीं कारणों से यह फिल्म नहीं बन पाई। लेकिन वह लंबे समय से दिलजीत के साथ काम करना चाहते थे। वह इस पंजाबी कलाकार की तरक्की से काफी खुश हैं, उनकी एक्टिंग के भी कायल हैं।

नो एंट्री 2 में दिलजीत करेंगे कॉमेडी

अगले साल बोनी कपूर की प्रोड्यूस फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत दोसांझ अहम रोल निभा रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट हुआ था, जिसमें सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। अब फिल्म 'नो एंट्री 2' में दिलजीत अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाएंगे। इसके अलावा भी दिलजीत दोसांझ अगले साल कुछ और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आएंगे।

विज्ञापन के लिए साथ आए सलमान-ऋतिक

सलमान खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है।

ऋतिक रोशन ने 1995 में अपने पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म करण अर्जुन में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। कहो ना प्यार है से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले उन्होंने सलमान के साथ ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन किस्मत से उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर साथ काम नहीं किया। भले ही दोनों अभिनेता एजेंट टाइगर और एजेंट कबीर के रूप में वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक शाहरुख खान और सलमान खान जैसे क्रॉसओवर सीन नहीं किए हैं। हालांकि, अब यह सब बदल सकता है।

जल्द ऑन एयर होगा विज्ञापन

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बताया गया कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही ऑन एयर होगी।

पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली

बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।

निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। 2020 में रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था। 2022 में वह गेम शो द खतरा खतरा शो में देखी गईं, जिसे भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म जोगीरा सारा रा रा में कॉकटेल गाने में एक विशेष भूमिका निभाई। 2024 में वह रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 5 में दिखाई दीं, जहां उनकी मुलाकात अरबाज पटेल से हुई, जिन्हें स्प्लिट्सविला 15 में भी देखा गया था। उनकी प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब वे बिग बॉस मराठी 5 में प्रतियोगी थे। दोनों के बीच एक करीबी रिश्ता बन गया।

तेनाली का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है

पॉपुलर टीवी शो तेनाली रामा एक बार फिर से लौटा है। यह शो नई कहानी और नए किरदारों के साथ प्रसारित हो रहा है। कृष्ण भारद्वाज, तेनाली के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनसे शो को लेकर हुई खास बातचीत...

शो में तेनाली के विजय नगर लौटने के साथ एक रोमांचक नए चरण की शुरुआत हुई, क्योंकि राज्य से बाहर कर दिए जाने के बाद वह क्षेत्र एक संभावित खतरे का सामना करता है। विजय नगर की रक्षा करने का काम करने वाले तेनाली अपनी तेज बुद्धि, हास्य और रणनीतिक ज्ञान का उपयोग भूमि की रक्षा के लिए करते हैं, साथ ही चार युवा होनहार बच्चों को मार्गदर्शन भी देते हैं। तेनाली राम का किरदार निभाना मेरे लिए एक जिम्मेदारी जैसा है।

लाइफ में क्या बदलाव पाते हैं तेनाली प्ले करते हुए?

तेनाली की बुद्धि और करुणा आज भी हमें बहुत कुछ सिखाती है। एक एक्टर के तौर पर उनके किरदार में ढलने से मुझे एक ऐसे किरदार की बारीकियों को समझने का मौका मिलता है जो एक तरफ तो बहुत बड़ा है वहीं दूसरी तरफ बहुत मानवीय भी है। बाकी मुझे लगता है कि ये किरदार प्ले करके मैं अधिक खुश रहता हूं। लाइफ बेटर फील होती है, कई समस्याओं के हल मिल जाते हैं। तो इस तरह से मुझे ये किरदार बदलता है। चूंकि हम हर दिन, पूरे महीने, महीने, पूरे साल उसी किरदार में रहते हैं तो दिमाग में कहीं न कहीं उसका थोड़ा सा अंश लंबे समय तक बना ही रहता है।

शो के लिए फिर से क्या तैयारियां रहीं। क्या प्रोस्थेटिक भी इस्तेमाल हुआ?

तैयारियों की बात करूं तो चार सालों का जमा हुआ एक्साइटमेंट है। मुझे जो कुछ भी लाइफ में मिला है वह इस शो के जरिए ही मिला है। शो के लिए एक बार फिर से बालों का त्याग करने से तैयारी शुरू हुई है। हम चाहते तो प्रोस्थेटिक से भी बाल्ड लुक तैयार कर सकते थे पर ऐसा नहीं किया। यह लंबे समय तक चलने वाला शो है। हालांकि मैंने एक-दो शॉट दिए हैं प्रोस्थेटिक बाल्ड लुक में पर बहुत पेनफुल प्रोसेस थी।

क्या आपको नहीं लगता कि आप एक ही इमेज में बंध गए हैं?

इसके पहले सोनी सब पर ध्रुव तारा शो के लिए विग और दाढ़ी लगाकर शूट किया था। उसमें एकदम एंग्री यंग मैन किरदार था। बाकी तेनाली की इमेज में तो मैं बंधा ही हुआ हूं। यह एक ऐसी इमेज है जो लोगों के मन में काफी छाप छोड़ चुकी है। इसलिए इसमें से निकलना थोड़ा मुश्किल है। अब इस शो को एक और नई जनरेशन देखेगी और कुछ अच्छा सीखेगी।

आगे कैसे किरदार करना चाहेंगे?

मैं जिस तरह के किरदार में अपने करियर में करना चाहता था वो मुझे नहीं मिले। फिलहाल तो मुझे तेनाली से बेहतर कुछ मिल नहीं सकता। मेरी एक क्यूट सी इमेज बनी हुई है लोगों में तो मैं उसे जरूर ब्रेक करना चाहूंगा। हालांकि बतौर एक्टर मुझे खुद को एक्शन करते हुए देखना है। विलन टाइप किरदार करना है। जहां मेरे लिए कुछ चैलेंजिंग हो। मेरा ड्रीम है कि रणबीर कपूर की रॉकस्टार जैसा कोई रोल करियर में प्ले करूं।

आयुष्मान बनेंगे सूरज बड़जात्या के नए प्रेम

सूरज बड़जात्या मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं, विवाह और प्रेम रतन धन पायो जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इन दिनों वो अपनी अगली फिल्म के लिए कास्टिंग कर रहे हैं। अब उन्हें अपना नया प्रेम मिल गया है। जी हां, उन्होंने अपने अगले निर्देशन के लिए आयुष्मान खुराना को साइन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। ये एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी। सूत्र ने कहा, सूरज जी किसी ऐसे कलाकार को कास्ट करना चाहते थे, जिसकी फैमिली दर्शकों के बीच इमेज हो और वो नए जमाने का प्रेम बन सके। आयुष्मान को वो दुनिया पसंद आई, जिसे सूरज अपनी अगली फिल्म में बनाना चाहते हैं। दूसरी ओर सूरज जी को लगता है कि आयुष्मान में प्रेम का किरदार निभाने के लिए मासूमियत और आकर्षण है।